दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 302 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 27 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर नौजवान विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें : भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अमर जवान ज्योति से यमुना प्रवाह यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दूरदर्शी सोच दृढ़ इच्छा शक्ति और साहसिक निर्णय से भारत को एकजुट कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि युवा सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र प्रथम को सर्वोपरि रखें तथा एक मजबूत एकजुट और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने विश्व का सबसे बड़ा संविधान हमें दिया है तथा इस आधार पर देश आगे बढ़ रहा है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अमर जवान ज्योति से सरदार @ 150 यूनिटी मार्च के अंतर्गत यमुना प्रवाह यात्रा के तहत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश भर में सरदार पटेल के 150 में जन्म उत्सव को एक विजन के तहत पूरे राष्ट्र में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करके मनाया जा रहा है इसी के तहत यमुना प्रवाह यात्रा भी संचालित की जा रही है



उन्होंने कहा कि इस यात्रा के तहत राजस्थान सहित विभिन्न प्रदेशों से युवा जयपुर से सरदार पटेल की जन्म भूमि कमर शद तक की यात्रा करेंगे यह यात्रा युवाओं के लिए सरदार पटेल के जीवन संघर्ष और देशभक्ति को करीब से जानने का अवसर है साथ ही युवाओं को सरदार पटेल के आदर्शों और मूल्यों को समझने का प्रत्यक्ष अनुभव भी।

### सरदार पटेल ने कभी भी नहीं किया सिद्धांतों से समझौता

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल का स्वतंत्रता आंदोलन में अमूल्य योगदान रहा बारडोली सत्याग्रह में उनकी प्रभावशाली भूमिका के कारण उन्हें सरदार की उपाधि दी गई उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और किसानों को अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया और सरदार पटेल जेल भी गए लेकिन उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं किया।

### कूटनीति और दूरदर्शिता से 562 रियासतों का किया एकीकरण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी तो मिली लेकिन विभाजन का दर्द भी सहना पड़ा उस समय देश सैकड़ो टुकड़ों में विभाजित हो गया था उन्होंने कहा कि देश की 562 रियासतें स्वतंत्र इकाई थी सरदार पटेल ने अपनी कूटनीति दूरदर्शिता और कभी-कभी कठोरता का इस्तेमाल करते हुए प्रत्येक रियासत को भारत में विलय किया उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने ऑपरेशन पोलो चलकर हैदराबाद तथा जनमत संग्रह करा कर जूनागढ़ को भारत में शामिल कराया उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को अपना सबसे बड़ा लक्ष्य बनाया और उसे पूरा करके दिखाया।

### 370 हटाकर प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल के अधूरे सपने को किया पूरा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल की विरासत को आगे बढ़ने का बीड़ा उठाया है सरदार पटेल का अधूरा सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर पूरा किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को एक सूत्र में पिरो रहे हैं पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक आज भारत एक हो रहा है सरदार पटेल के योगदान को सम्मान देते हुए विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टैचू ऑफ यूनिटी बनाई गई प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में गरीब कल्याण गरीब कल्याण और विकास योजनाओं का संपादन किया तथा आतंकवाद और नक्सलवाद का खात्मा किया और विश्व पटल पर देश का सम्मान बढ़ाया उन्होंने कहा कि पूरा विश्व भारत को उम्मीद से देख रहा है तथा दुनिया के सबसे बड़े लीडर के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयां छू रहा है शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन युवाओं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा है युवा पीढ़ी उनके जीवन से कर्तव्य निष्ठा ईमानदारी और सत्य निष्ठा दृढ़ संकल्प एकता तथा सादगी के पांच प्रमुख सीख ले सकती है इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यमुना प्रवाह यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इससे पहले शर्मा ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन भी किया इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, जितेंद्र गोठवाल, गोपाल शर्मा और बालमुकुंद आचार्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश में संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में भजनलाल सरकार के उत्कृष्ट कार्य, 129 मेलों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार का अब तक का कार्यकाल उपलब्धियां से भरा हुआ है हर क्षेत्र में सरकार ने व्यापक स्तर पर कार्य किया और कई बड़े फैसले लिए जिसका फायदा प्रदेश की जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सर्वांगीण और समुचित विकास के साथ-साथ प्रदेश की कला, संस्कृति और विरासत का संरक्षण और संवर्धन कर रहे हैं बल्कि प्रदेश की कला संस्कृति और विरासत को पूरे दुनिया भर में प्रचार प्रसार के लिए भी तेजी से कार्य कर रहे हैं ताकि राजस्थान की परंपरागत विरासत खान-पान, वेशभूषा, लोक नृत्य संगीत इत्यादि सभी से दुनिया भर के लोग और परिचित हो हालांकि राजस्थान विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपना अलग स्थान रखता है और यहां पर हर साल बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक घूमने भी आते हैं जिसकी वजह से प्रदेश के व्यापार जगत को भी काफी अच्छा फायदा होता है और पर्यटन के अलावा पर्यटन से जुड़े अन्य क्षेत्रों के कारोबार में भी अच्छी वृद्धि होती है इसीलिए प्रदेश की संस्कृति और



विरासत के संरक्षण के क्रम में ही पिछले दिनों सरकार की ओर से राजस्थान के घूमर नृत्य को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का प्रयास किया गया और राजस्थान में पहली बार प्रदेश के सभी संभाग में सामूहिक घूमर नृत्य का आयोजन हुआ जिसको पूरे विश्व ने देखा इसलिए सरकार की ओर से प्रदेश की विरासत और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रयास ही नहीं किया जा रहे बल्कि इसको पर्यटन से भी जोड़ा जा रहा है ताकि प्रदेश की इकोनॉमी को संबल मिले इसीलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अब तक 129 मेलों का बहुत ही शानदार तरीके से आयोजन करवा चुकी है इन मेलों से दुनिया भर के लोगों ने राजस्थान की संस्कृति और विरासत को बारीकी से देखा है जानकार लोगों का कहना है कि सिर्फ 21 महीना में प्रदेश में अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तरह के मेलों का इतने व्यापक स्तर पर आयोजन करके राजस्थान सरकार ने राजस्थान की विरासत और संस्कृति को दुनिया के कोने-कोने में शानदार और जानदार तरीके से पहुंचने का प्रयास किया जो प्रदेश के पर्यटन जगत के लिए आने वाले दिनों में काफी फायदेमंद साबित हो सकता है अभी हाल ही में पुष्कर में भी सरकार की ओर से शानदार तरीके से मेले का आयोजन किया गया जिसमें कई तरह के करोड़ों रुपए के कीमत के पशु आकर्षण का केंद्र बने रहे तो दूसरी तरफ इस मेले में राजस्थान की कला, विरासत, संस्कृति , घुमान ,नृत्य ,लोक संगीत इत्यादि सभी प्रस्तुतियों का देश और विदेश के पर्यटकों ने खूब आनंद उठाया। इसी तरह से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग समुदाय और क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले ऐतिहासिक और परंपरागत मेलो का इस बार भजनलाल सरकार ने शानदार तरीके से आयोजन करवाया हालांकि इन सब मेलों का सालों से आयोजन हो रहा है लेकिन इस बार सरकार ने बहुत ही खूबसूरत और सुनियोजित तरीके से इन मेलों का आयोजन करके इन मेलों का आकर्षण काफी बढ़ा दिया जिसकी वजह से देश-विदेश के लोगों ने इन मेलों का खूब आनंद उठाया जानकारी के अनुसार प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यकाल में अब तक आयोजित हुए 129 मेलों में अधिकांश मेलों का आयोजन प्रमुख धार्मिक स्थलों और मंदिरों से जुड़ा हुआ था और इस तरह के मेलों का आयोजन सालों से होता आ रहा था लेकिन इस बार सरकार ने प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों के रखरखाव और उनके आधुनिक तरीके से विस्तार करने की दिशा में शानदार तरीके से कार्य किया जिसमें सीकर का खाटू श्याम जी का मंदिर भरतपुर का पूछरी का लोटा मंदिर और कई अन्य मंदिर है जिनके विकास के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए मंजूर किया और इन धार्मिक स्थलों पर शानदार तरीके से मेलों का आयोजन भी हुआ जो कहीं ना कहीं प्रदेश के टूरिस्ट जगत के लिए भी वरदान साबित हो रहा है ।

## मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि, 2030 में अहमदाबाद में होंगे कॉमनवेल्थ गेम्स

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** देश के खेल जगत से जुड़े लोगों के लिए ही नहीं बल्कि पर्यटन और व्यापार जगत से जुड़े लोगों के लिए बुधवार का दिन काफी अच्छा रहा जब ग्लास्गो में आयोजित बैठक में 2030 में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी का अवसर भारत को दे दिया गया है और यह गेम्स गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होंगे इसलिए गुजरात प्रदेश के लिए भी यह और भी खुशी की खबर है हालांकि इससे पहले भी भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन हो चुका है खेल जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन इंडिया में होना एक बड़ी बात है इस गेम्स के आयोजन से इंडिया में खेल और खेल से जुड़े लोगों आयोजन इंडिया में होना एक बड़ी बात है इस गेम्स के आयोजन इंडिया में विभिन्न खेलों से जुड़े प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी यहां इन गेम्स के आयोजन से काफी कुछ सीखने को मिलेगा इसके अलावा बड़ी बात यह है कि इन गेम्स के आयोजन से भारत के टूरिस्ट क्षेत्र को भी फायदा होगा हालांकि इन गेम्स के आयोजन में करोड़ों रुपए खर्च भी होंगे लेकिन इन गेम्स के आयोजन से जो पैसा खर्च होगा उसका बेनिफिट भी देश को मिलेगा । जानकार लोगों का कहना है कि पिछले कुछ सालों से भारत में विभिन्न खेलों और खिलाड़ियों का स्तर काफी अच्छा हुआ है भारत के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना अच्छा प्रदर्शन भी कर रहे हैं



इसका बड़ा कारण यही है कि केंद्र की मोदी सरकार खेल और खिलाड़ियों के स्तर को सुधारने के लिए एक तरफ जहां कई बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करके देश के खिलाड़ियों को कुछ सीखने का अवसर प्रदान कर रही है तो दूसरी तरफ विश्व स्तर पर खेल की दुनिया में इस तरह के आयोजन से भारत का नाम भी ऊंचा हो रहा है इसलिए गुजरात में 2030 में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स कहीं ना कहीं मोदी सरकार की छवि को चमकाने में और भी चार चांद लगाएंगे अब इस प्रतियोगिता के लिए अहमदाबाद को चुना गया है तो यह अहमदाबाद के लोगों के लिए भी एक बहुत बड़ी खुशखबरी है।

## पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों में नया जोश भर रहे भजनलाल शर्मा

### बुधवार को भरतपुर संभाग के पार्टी के पदाधिकारी से की लंबी मंत्रणा और दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं में नया जोश भरते नजर आ रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों को यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकार में उनका पूरा सम्मान है और सरकार उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए भी तैयार बैठी है पिछले दिनों मुख्यमंत्री शर्मा ने अजमेर संभाग के भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ काफी देर तक चर्चा की थी और चर्चा के दौरान उन्होंने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा था और बातचीत के दौरान संगठन से जुड़े नेताओं ने अपनी पीड़ा भी बताई थी जिसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से जनसुनवाई कार्यक्रम के फिर से शुरू करने का ऐलान भी किया बुधवार को एक बार फिर से उन्होंने भरतपुर संभाग के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ सामूहिक बैठक की और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में तो पूछा ही इसके अलावा उन्होंने संगठन से जुड़े लोगों को केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से शुरू की गई विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियां को घर-घर तक पहुंचाने की बात भी कही इसके अलावा नगर निकाय और पंचायत राज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के भी निर्देश दिए जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री खुद भरतपुर जिले के ही रहने वाले हैं और भरतपुर जिले की राजनीति के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं मुख्यमंत्री शर्मा की शुरुआती राजनीति का कार्य क्षेत्र भरतपुर ही था और भरतपुर में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं को भी अच्छी तरह से जानते हैं इसलिए बुधवार की मीटिंग में उन्होंने अपने क्षेत्र के पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं को समन्वित और सामूहिक प्रयास से भाजपा के संगठन को गति देने के साथ-साथ सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

## एसीबी ने फिल्म संघ के महाप्रबंधक को रिश्वत लेते पकड़ा, 145000 की मांगी थी रिश्वत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने प्रदेश में बुधवार को कोटा में रावतभाटा रोड पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए फिल्म संघ के महाप्रबंधक रमेश चंद्र बैरागी को 30000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम बैरागी के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च अभियान को अंजाम दे रही है तथा इस मामले में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार कोटा में रावतभाटा रोड पर तिलम संघ का कार्यालय है जहां पर परिवादी ने समर्थन मूल्य के अपने पहले से मौजूद सेंटर को दोबारा से बरकरार रखने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर रावतभाटा रोड पर मौजूद तिलम संघ के महाप्रबंधक रमेश चंद्र बैरागी ने 100000 रुपए की रिश्वत मांगी और केंद्र में अलॉट किए जाने वाले 45000 कट्टे के प्रत्येक कट्टे पर 1 रुपए के कमिश्नर के हिसाब से 45000 रुपए की ओर डिमांड की इस तरह से टोटल 1 लाख 45 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई जिसकी शिकायत परिवादी ने एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने आरोपी रमेश चंद्र बैरागी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की और इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को परिवादी ने बैरागी के दफ्तर में जाकर उसे रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 30000 रुपए दिए इस रकम को बैरागी ने अपने कुर्ते की पॉकेट में रख लिया इसके बाद परिवादी का इशारा मिलते ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी वहां आ गए और उन्होंने बैरागी से रिश्वत की रकम बरामद कर ली एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से समर्थन मूल्य के लिए सेंटर आवंटित करवाने के लिए इस तरह का रिश्वत का खेल तिलम संघ में खेला जा रहा है उससे ऐसा दिखता है कि गिरफ्तार अभियुक्त रमेश चंद्र बैरागी लंबे समय से यहां तैनात है इसलिए रिश्वत के इस खेल में बैरागी की ओर से जितने भी सेंटर अलॉट किए गए हैं कहीं ना कहीं उसने सबसे पैसे लिए हैं इसलिए इस मामले में एसीबी ने अपनी जांच का और बढ़ा दिया है ।

## मुझ जैसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री बना दिया... यह है संविधान की ताकत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस पर देशवासियों को पत्र लिखा उन्होंने संविधान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव को साझा किया मोदी ने कहा कि संविधान की शक्ति ने उन्हें एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली व्यक्ति को लंबे समय तक सरकार का नेतृत्व करने का अवसर दिया । मोदी ने बताया कि 2015 में सरकार ने इस पवित्र दस्तावेज का सम्मान करने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया था उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि यह हमारे संविधान की ताकत है जिसने मुझ जैसे व्यक्ति को जो एक साधारण और आर्थिक रूप से पिछडे परिवार से आता है 24 साल से ज्यादा समय तक लगातार सरकार का मुखिया बना दिया मुझे आज भी 2014 के वह पल याद है जब मैं पहली बार संसद आया था और लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर की सीडी को छूकर सर झुकाया था और 2019 में चुनाव के नतीजे के बाद जब मैं संविधानसदन के सेंट्रल हॉल में गया तो मैं ने सर झुकाया और सम्मान के तौर पर संविधान को अपने माथे पर लगाया इस संविधान ने मुझे से कई और लोगों को सपने देखने और उसके लिए काम करने की ताकत दी है संविधान सभा के सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ राजेंद्र प्रसाद डॉक्टर, बाबासाहेब अंबेडकर और कई जानी-मानी महिला सदस्यों को याद किया जिनके विजन ने संविधान को बेहतर बनाया।

# जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

## राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज एवं प्रकरणों का समयबद्धता से करें निस्तारण - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीसी के माध्यम राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज व राजस्व प्रकरणों के निस्तारण एवं एसआईआर कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि राजस्व अधिकारी तत्परता से कार्य करते हुए लम्बित कोर्ट केसेज एवं राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कोर्ट केसेज संबंधित प्रकरण जिनमें 10 वर्ष से अधिक समय से लम्बित, 251ए के प्रकरण, धारा 136 एलआर एक्ट के तीन माह से अधिक लम्बित, प्राथमिक डिक्री के प्रकरणों का 31 दिसम्बर तक निर्धारित लक्ष्य अनुसार निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक उपखण्ड अधिकारी से उनके उपखण्ड से संबंधित राजस्व वाद निस्तारण, जीसीएमएस पोर्टल की स्थिति, भूमि संपरिवर्तन प्रकरण, आम रास्ते, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति सहित नवाचार कार्यों, ई-फाइल इत्यादि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई परिवादों एवं स्टार मार्क के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं। उन्होंने ई-फाइल प्रणाली पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग को उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में शत प्रतिशत लागू करने एवं फाइलों का न्यूनतम समय में निस्तारण करें।

### एसआईआर कार्य की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

*जिला कलक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मैपिंग, ईएफ डिजिटाइजेशन एवं एएसडी कार्यों की विधानसभावार ईआरओ से समीक्षा कर निर्देश दिये कि एसआईआर कार्यों के लिए प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कम प्रगति वाले बीएलओ को प्रोत्साहित कर डिजिटाइजेशन के कार्य को गति देवे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे तथा समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुडे।*

## अलवर में दो मंत्री होने के बावजूद भी कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है -नेता प्रतिपक्ष जूली

### शहर में बढ़ते अपराधों पर जताई चिंता




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पुलिस गश्त को चैलेंज करते हुए दराती और पिस्तौल की नोंक पर लाखों रुपए की नगदी और गहने बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े लूटना पुलिस पर सवालिया निशान खड़े करता है। जूली तिजारा रोड स्थित राधा ज्वेलर्स के मालिक के साथ हुई घटना के बाद उनसे मुलाकात करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अलवर और राजस्थान प्रदेश में बदमाशों के हौसले बुलंद है, बदमाश कानून व्यवस्था को चैलेंज करते हुए न केवल रात को बल्कि दिन में भी डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर में दो मंत्री होने के बावजूद भी कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। जूली बोले बदमाशों के ऐसे हौसलों से व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक से अपराधियों की धरपकड़ के लिए बात की, जिला एसपी ने उन्हें 48 घंटे में अपराधियों को पकड़ने के लिए आश्वस्त किया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नही बल्कि सामाजिक बराबरी शिक्षा और मानवाधिकारों के अद्वितीय प्रतीक थे - नेता प्रतिपक्ष जूली

### राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पाली में अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नही बल्कि सामाजिक बराबरी शिक्षा और मानवाधिकारों के अद्वितीय प्रतीक थे। उनके द्वारा किये गए कार्यो एवं उनके विचारों को आज भी देश का प्रत्येक नागरिक याद करते हुए उनको श्रद्धा से नमन करते हैं। जूली राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पाली में अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के लिए डॉ. अंबेडकर का बहुमुखी योगदान अनुकरणीय है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब ज्ञान के प्रकाश स्तंभ थे जिन्होंने लाखों लोगों के जीवन को आलोकित किया। न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में, बल्कि राष्ट्रीय एकता सुनिश्चित करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर स्थानीय विधायक मांगेलाल मीणा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में संविधान दिवस पर छात्रों को दिलाई शपथ

### शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** राजगढ़ उपखंड के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में बुधवार को संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया इस अवसर पर विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को भारत के संविधान, उसके मूल कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी दी गई तथा संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाई गई अधिकांश विद्यालयों में कार्यक्रम सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित किए गए। प्राचार्यों एवं अध्यापकों ने छात्रों को संविधान निर्माण, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका और लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता से अवगत कराया। इसके बाद सभी छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बताया गया कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ उनके कर्तव्यों का भी मार्गदर्शन करता है। शिक्षकों ने कहा कि बाल्यावस्था से ही संवैधानिक चेतना विकसित करना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ी जिम्मेदार नागरिक बन सके

## ‘राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया‘

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अमूल्य भारत फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, अलवर द्वारा श्री मिश्रा प्रिंस मॉडर्न सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। । संस्था के देवराज शर्मा ने सभी बच्चों को संविधान दिवस के बारे में बताते हुए संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का जीवन परिचय दिया और संविधान की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत एक संवैधानिक देश हैं, जहां पर संविधान को सर्वोपरि माना जाता हैं। संविधान के अनुसार ही हम सभी को चलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही 26/11 के मुंबई आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था के देवराज शर्मा, स्कूल संचालक लोकेश मिश्रा सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



## संविधान दिवस पर स्काउट-गाइड की गतिविधियों से कराया अवगत

### मासिक पत्रिका भेंट

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)** संविधान दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स, राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय अलवर के निर्देशन में ब्लॉक राजगढ़ में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें स्काउट-गाइड की मासिक पत्रिका भेंट की तथा ब्लॉक स्तर पर संचालित कार्यक्रमों से अवगत कराया ट्रेनिंग काउंसलर विजय सिंह बैरवा, कविता सैनी, रेंजर लीडर निकिता जांगिड़ और कोमल बलाई ने ब्लॉक की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीणा से भेंट की। टीम ने उन्हें मासिक पत्रिका सौंपते हुए बताया कि स्काउट-गाइड द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भाव और व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। सीबीईओ मीणा ने शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास में स्काउट-गाइड की भागीदारी को सराहनीय बताया इसी क्रम में प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक राजगढ़ की उपखंड अधिकारी सीमा मीणा से भी मुलाकात की और उन्हें स्काउट-गाइड की मासिक पत्रिका भेंट की प्रतिनिधियों ने उन्हें सामुदायिक सेवा, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास शिविर, स्वच्छता अभियान और अन्य चल रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।उपखंड अधिकारी सीमा मीणा ने संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समाजहित में महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की बात कही

## जिला कलक्टर ने ली राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के एमओयू की प्रगति की समीक्षा बैठक



### जिला कलक्टर ने अधिकारियों को इनवेस्टर मीट के एमओयू के नियमित फोलोअप कर समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट मीट के तहत विभिन्न क्षेत्रों में हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा कर एमओयू के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के तहत जिले से संबंधित एमओयू की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एमओयू से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्धारित टाइमलाइन में उनकी ग्राउण्ड ब्रेकिंग करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अलवर जिले में विकास की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए समस्त एमओयू के लिए निवेशकों के साथ नियमित फॉलोअप एवं विभागीय समन्वय स्थापित कर उन्हें मूर्तरूप देवे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को एमओयू से संबंधित आवेदनों की समीक्षा कर निवेशकों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रक्रियाधीन एमआयूओ के संबंध में फीडबैक लेते हुए एडीएम शहर को निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों के स्तर पर प्रक्रियाधीन एमओयू की नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग करें ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरुका, यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, जीएम डीआईसी एम.आर मीना, रीको के वरिष्ठ महाप्रबंधक परेश सक्सेना, सीडीईओ महेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक लेकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अलवर शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जिले के पेयजल व्यवस्था संबंधी स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत नवंबर माह के हर घर जल कनेक्शन के लक्ष्य के विरुद्ध 3298 एफएचटीसी कार्य पूर्ण हुए हैं, जिस पर असंतोष जाहिर करते हुए प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के जिन गांवों में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है और घरों में जल कनेक्शन कर दिया गया है, उन सब गांवों के जल कनेक्शनों का सत्यापन का कार्य गठित कमेटी द्वारा पूर्ण किया जाकर आयोजित होने वाली ग्राम सभा में गांव के जल जीवन मिशन कार्य का सत्यापन कार्य का अनुमोदन कराया जावे।

### आगामी ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए समयसीमा में कार्यों की धरातल पर क्रियान्वित करें

जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में जिले में पेयजल आपूर्ति सुचारू रहे, इसके लिए अभी से कार्ययोजना अनुसार स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों को 31 मार्च से पूर्व पूर्ण करावे। उन्होंने अलवर शहर में आगामी ग्रीष्म ऋतु तक 20 एमएलडी पानी और बढ़ाने के लिए शेष रहे ट्यूबवेल्स की ड्रिलिंग कराने तथा ड्रिलिंग हो चुके ट्यूबवेल को चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में भूजल स्तर में सुधार के लिए वाटर रिचार्ज के कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता अलवर रमेश चंद सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर धर्मवीर सिंह, नगर निगम के अधिशासी अभियंता खेमराज मीणा सहित जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस के प्रकाश गंगावत बने जिलाध्यक्ष

## संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे भलीभांति निभाऊँगा - गंगावत

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)** कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रकाश गंगावत को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के तुरंत बाद ही गंगावत ने कहा कि ‘संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे भलीभांति निभाऊँगा।’ उन्होंने भरोसा जताया कि इस पद की गरिमा और अपेक्षाओं पर वे पूरी तरह खरे उतरेंगे गंगावत ने अपनी नियुक्ति के लिए कांग्रेस संगठन, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व सचिन पायलेट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन और विश्वास उनके लिए ऊर्जा का कार्य करता है नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने बताया कि वे संगठन को साथ लेकर सामूहिक नेतृत्व के साथ कांग्रेस को हर बूथ स्तर पर मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन सुदृढ़ होने पर ही आगामी चुनावों में बेहतर परिणाम संभव हैं। इसके लिए वे कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद, प्रशिक्षण और जनसंपर्क अभियान को प्राथमिकता देंगे इसके साथ ही गंगावत ने आश्वासन दिया कि वे आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला संगठन केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएगा गौरतलब है कि प्रकाश गंगावत पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत के पुत्र हैं और लंबे समय से संगठन एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनकी नियुक्ति को युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उनकी जिम्मेदारी को लेकर उत्साह का माहौल है और माना जा रहा है कि गंगावत की अगुवाई में जिला संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी।

# भिवाड़ी में वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश, संयुक्त टीम ने डंपिंग यार्ड का सुबह 7 बजे किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी ग्रेप-3 (GRAP-3) के पालन को मजबूत करने हेतु संयुक्त टीम ने बुधवार की सुबह रीको के रामपुरा स्थित डंपिंग यार्ड का प्रातः 7:00 बजे निरीक्षण किया गया। इस औचक निरीक्षण में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी, रीको, नगर परिषद भिवाड़ी, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और बीडा की संयुक्त टीम शामिल रही। निरीक्षण के दौरान डंपिंग यार्ड पर आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि डंपिंग यार्ड के एंट्री गेट पर तो गार्ड मौजूद थे, लेकिन पीछे की ओर पहाड़ी क्षेत्र में आग की घटना दर्ज की गई थी। इस पर रीको यूनिट प्रथम को अतिरिक्त चार गार्ड नियुक्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि पूरे क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई जा सके। वहीं नगर परिषद भिवाड़ी को निर्देशित किया गया कि कचरे को एक निर्धारित हिस्से में ही डाला जाए और आग की रोकथाम के लिए वहां पर्याप्त कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। रीको यूनिट प्रथम को डंपिंग यार्ड की सुरक्षा और निगरानी को मजबूत बनाने के लिए 10 सीसीटीवी कैमरे लगाने, फायर गाड़ियों के लिए उच्च क्षमता की मोटर स्थापित करने, पानी के दबाव में सुधार करने तथा मौके पर एक पानी भंडारण टैंक तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, डंपिंग यार्ड में 24 घंटे के लिए एक जेसीबी मशीन तैनात करने का भी आदेश दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने डंपिंग यार्ड में अवैध प्रवेश कर सिगरेट या बीड़ी पीने वालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस उप अधीक्षक भिवाड़ी को कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ऐसे मामलों को सार्वजनिक उपद्रव मानते हुए बीएनएस की उपयुक्त धाराओं में केस दर्ज कर प्रकरण को उपखंड अधिकारी टपूकड़ा के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के तहत दिन में दो बार—सुबह 9 बजे और शाम 6:30 बजे-निर्माण स्थलों, खुले में पड़ी निर्माण सामग्री, वाहन परिवहन और धुआं छोड़ने वाली औद्योगिक इकाइयों पर कार्रवाई करने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए हैं, इसके साथ गठित संयुक्त 2 दलों की कार्रवाइयों का निरीक्षण भी करेंगे।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, आयुक्त नगर परिषद भिवाड़ी मुकेश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अमित जुयाल, एसआरएम रीको यूनिट प्रथम, यूनिट हेड रीको यूनिट द्वितीय और फायर अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# पिता के पद चिन्ह पर बेटी, मंडावा को किया रोशन, हाई कमान ने दी बड़ी जिम्मेदारी



**शेखावाटी के लोगों से अपने पिता की तरह हैं जमीनी जुड़ाव, पिछली दो गहलोत सरकार में अपने निर्वाचन क्षेत्र मंडावा में करवाएं ऐतिहासिक विकास कार्य, वर्ष 2023 के चुनाव में भी दमदार हासिल की जीत, कांग्रेस के दिल्ली दरबार में झुंझुनू जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर किया है नियुक्त**

जयपुर टाइम्स

*जयपुर(कासं.)। प्रदेश के शेखावाटी अंचल में मंडावा विधायक रीटा का क्षेत्र के लोगों से जमीनी जुड़ा ठीक वैसा ही है जैसा उनके पिता दिवंगत रामनारायण चौधरी का था लोगों के इस जमीनी जुड़ाव के दम पर ही रीटा चौधरी वर्तमान में तीसरी बार मंडावा विधानसभा क्षेत्र का विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रही हैं । अभी यह कहना तो जल्दबाजी होगा कि रीटा अपने पिता की तरह कांग्रेस और प्रदेश की जनता में मुकाम हासिल कर पाएगी या नहीं लेकिन इतना जरूर कहना पड़ेगा की महिला होने के बावजूद भी उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव के संघर्ष से भरे राजनीतिक जीवन में जिस खूबसूरती और समर्पित भाव से अपने पिता की विरासत को संभाले हुए ही नहीं है बल्कि अपने पिता के सपनों को साकार करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने में तन्मयता से आगे बढ़ रही हैं उसी का परिणाम है कि हाल ही में कांग्रेस के दिल्ली दरबार में इन्हें झुंझुनू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर बिठाया है झुंझुनू जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद मिलना अपने आप में यह दिखता है कि कांग्रेस हाई कमान भी दिवंगत रामनारायण चौधरी के इस बेटी के परफॉर्मेंस से कहीं ना कहीं खुश और संतुष्ट है। इसी वजह से झुंझुनू जैसा जिला जो प्रदेश की राजनीति में खासतौर से जाट राजनीति में एक अलग वर्चस्व रखता है इसकी कमान रीटा चौधरी के हाथों में दी । वह भी ऐसे समय में जब प्रदेश और केंद्र दोनों जगह पर कांग्रेस विपक्ष में है और कांग्रेस के प्रति पहले की बजाय अब पार्टी के लिए बहुत महनत करनी पडेगी क्योंकि भाजपा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी एक बार फिर से जाट बहुल इलाकों में अपनी पकड़ को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है । ऐसे हालातो में झुंझुनू जिले में कांग्रेस के संगठन को मजबूती देने के साथ कांग्रेस का विस्तार करना रीटा के लिए एक अग्नि परीक्षा की तरह है । लेकिन यह भी सत्य है कि संगठन के मामलों में रीटा अपने पिता की तरह काफी निपुण और कुशल हो चुकी हैं। पूर्व में भी लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के संगठन में काम करते हुए अपनी अच्छी परफॉर्मेंस करके दिखाई है इसलिए प्रदेश कांग्रेस के रणनीतिकारों को भी यह उम्मीद है कि झुंझुनू जिले में कांग्रेस अब और भी मजबूती के साथ स्थापित होगी ।*

## अनुशासन, लोगों से जमीनी जुड़ाव, पार्टी के प्रति समर्पण भाव देखकर ही कांग्रेस हाई कमान ने दी है बड़ी जिम्मेदारी

जानकार लोगों का कहना है कि हाल ही में रीटा चौधरी को झुंझुनू जिला कांग्रेस अध्यक्ष का जो पद मिला है वह उन्हें उनकी योग्यता पार्टी के प्रति समर्पित भाव से होकर कार्य करने की उनकी प्रवृत्ति लोगों से उनका गहरा जमीनी जुड़ाव अनुशासित जीवन और खुद को पार्टी की गुटबाजी से दूर रहने की प्रवृत्ति के कारण ही मिला है। इसके अलावा अब से पहले पार्टी ने संगठन में इन्हें जो भी जिम्मेदारी थी उस जिम्मेदारी को कड़ी मेहनत और ईमानदारी से बखूबी से निभाया। अब से पहले राजस्थान महिला कांग्रेस के संगठन में भी विभिन्न पदों पर रहने के दौरान अच्छा कार्य किया। वर्ष 2002 में राजस्थान महिला कांग्रेस में सचिव वर्ष 2004 में राजस्थान महिला कांग्रेस में महासचिव के अलावा राजस्थान कांग्रेस कमेटी में सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी । इसलिए कांग्रेस पार्टी के संगठन में भी लंबे समय से कार्य करने के दौरान संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े विषयों की अच्छी जानकारी रखती हैं इनके बारे में यह भी कहा जाता है कि चाहे संगठन में इन्हें जिम्मेदारी मिली हो या नहीं लेकिन इसके बावजूद भी अपने क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के विस्तार को गति देने और संगठन की मजबूती के लिए इनको हमेशा सतत प्रयास रहे उनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि पार्टी में खुद को गुटबाजी से दूर रखती हैं सौम्या, सरल और शालीन रहने के साथ-साथ जरूरत पड़ने बड़े-बड़े जन आंदोलन की अगवाई की और राजस्थान विधानसभा में भी दमदार तरीके से हमेशा अपनी बात रखी इसलिए इनके जुझारू और ऊर्जाशील रवैया को देखकर ही प्रदेश कांग्रेस और कांग्रेस के दिल्ली दरबार ने इन्हें एक महत्वपूर्ण जिले में पार्टी की बागडोर दी है राजनीति की अच्छी जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि झुंझुनू जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती देने में इस महिला नेता के सामने कई बड़ी चुनौतियां और परेशानी जरूर सामने आ सकती हैं लेकिन यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि भले ही इनके पिता अभी जीवित नहीं है लेकिन इनके पिता की अच्छी छवि आज भी शेखावाटी के लोगों के दिलों में बसी हुई है उसका भी इन्हें अच्छा राजनैतिक फायदा मिलेगा इसके अलावा अब रीटा खुद भी एक मजबूत और समर्पित जन नेता की तरह खुद को साबित किया है । अपने विधायक कार्यकाल में अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों से अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे झुंझुनू जिले में अपनी एक अलग महिला जाट नेता के रूप में पहचान बनाई है इसलिए अब यह जो नई बड़ी जिम्मेदारी मिली है । उसको बखूबी से निभाने की इनमें पुरी क्षमता है इसलिए राजनीति की अच्छी जानकारी रखने वाले लोगों का भी मानना है कि झुंझुनू जिले के छोटे बड़े सभी कांग्रेस जनों को एक मंच पर लाने में रीटा चौधरी को सफलता जरूर मिलेगी ।

## सिर्फ अपने काम से मतलब, गुटबाजी से कोई लेना-देना नहीं

दिग्गज जाट नेता रामनारायण रीटा चौधरी जब तक जीवित रहे और जब तक राजस्थान कांग्रेस में रहे उन्होंने अपने सिद्धांतों के हिसाब से राजनीति की । किसी के दबाव में नहीं आए और ना ही किसी की चापलूसी की ठीक उसी तरह की राजनैतिक यात्रा अब तक रीटा चौधरी की रही है । अपने पिता की तरह सिर्फ अपने काम से मतलब रखती है अपने निर्वाचन क्षेत्र के कार्यों और पार्टी के संगठन को गति देने जैसे कार्यों पर ही पूरा फोकस रखती हैं । पार्टी में पार्टी में आपस में बड़े नेताओं के बीच चल रही लड़ाई के बीच खुद को इस लड़ाई से अलग रखती हैं और चुपचाप अपने पिता की तरह सिद्धांतों की राजनीति करते हुए समर्पित भाव से कांग्रेस पार्टी की ओर से जो जिम्मेदारी मिलती है उसको बखूबी से निभाती हैं यही उनकी खासियत है और इनकी इस खासियत से राजस्थान कांग्रेस के बड़े लीडर ही नहीं बल्कि दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के नेता भी अच्छी तरह से वाकिफ है । खुद के स्वाभिमान को जिंदा रखा है और अपनी मेहनत लगन और अपने जनता के जुड़ाव के आधार पर शेखावाटी क्षेत्र के लोगों पर अपनी पकड़ को निरंतर मजबूत बनती जा रही है ।



## पिता की विरासत को शानदार तरीके से संभाले हुए हैं रीता चौधरी

दिवंगत रामनारायण चौधरी शेखावाटी अंचल के ही कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता नहीं माने जाते थे बल्कि प्रदेश कांग्रेस के कर्मठ कुशल और योग्य दिग्गज नेताओं में उनकी गिनती हुआ करती थी । चौधरी छह बार विधायक चुने गए राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे और राजस्थान सरकार में अलग-अलग समय में मंत्री रहे और बड़े-बड़े विभाग इन्हें दिए गए प्रदेश देश के बड़े जाट नेताओं में इनकी गिनती हुआ करती थी इनके लोगों से जमीनी जुड़ाव और किसान नेता के रूप में इन की भूमिका को देखकर स्वर्गीय इंदिरा गांधी भी चौधरी की काफी इज्जत किया करती थी । जब तक रामनारायण चौधरी जिए तब तक राजस्थान कांग्रेस में उनका अच्छा वर्चस्व रहा इस दौरान रीता चौधरी अपने कॉलेज और यूनिवर्सिटी की पढ़ाई के दौरान अपने पिता के राजनीतिक कार्यों में उनका सहयोग करने लगी । अपने पिता का लोगों से जमीनी जुड़ाव को देखा और इस जमुनी जुड़वा को दिल से अनुभव किया अपने पिता के पार्टी के संगठन को मजबूती देने के प्रयासों में उनकी मेहनत और लगन को देखा इसी तरह से अपने पिता को किसान और खेती के समुचित विकास के लिए अथक प्रयास करते देखा यह सारे अनुभव और गुण उन्होंने अपने पिता की जीवन शैली और उनके साथ सामाजिक और राजनीतिक सरोकार के काम करते हुए हासिल कर लिए थे यूं भी कह सकते हैं कि रीता चौधरी ने अपने पिता के राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में सहयोग करने के दौरान ही एक श्रेष्ठ राजनेता बनने की ट्रेनिंग भी एक तरह से कंप्लीट कर ली थी शायद यही वजह है कि आज वह अपने पिता की तरह शेखावाटी के लोगों में निरंतर पॉपुलर हो रही हैं और एक मजबूत और ऊर्जावान महिला कांग्रेस नेता के रूप में खुद को स्थापित भी किया है । विधायक रहने के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्र मांडव में उल्लेखनीय विकास कार्य करवाए वर्ष 2008 और 2018 में विधायक रहने के दौरानअपनी ही पार्टी सरकार होने का अपने क्षेत्र के विकास के लिए खूब फायदा उठाया । हालांकि वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने राजस्थान विधानसभा में अब तक जितनी भी बैठक हुई उसमें अपने क्षेत्र की खारे पानी और किसान की समस्याओं को दमदार तरीके से उठाया राजनीतिक विश्लेषक और क्षेत्र के लोग भी यह मानते हैं कि महिला होने के बावजूद भी रीता में अपने पिता की तरह सर्वगुण संपन्न राजनेता के सारे गुण हैं इसीलिए उनका क्षेत्र के लोगों में जमीनी जुड़ाव लगातार गहरा और मजबूत होता जा रहा है राजनीति के जानकार लोग भी यह मानते हैं कि रीता ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत को बहुत ही अच्छी तरह से संभाले हुआ है ।

## मंडावा विधानसभा क्षेत्र में रीटा चौधरी की ओर से किए उल्लेखनीय कार्यों की है लंबी सूची

वर्ष 2008 में रीटा चौधरी पहली बार मंडावा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गई थी उस समय इनके पिता जीवित थे । टिकट दिलवाने से लेकर रीटा चौधरी की जीत में इनके पिता की बड़ी भूमिका रही। लेकिन विधायक बनने के बाद रीटा चौधरी ने अपने पिता की तरह खुद को राजनैतिक में तैयार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया। इसके लिए उन्होंने निरंतर क्षेत्र के लोगों से संवाद जारी रखा पिता की आयु अधिक होने और उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखकर रीटा चौधरी ने राजनीति का पूरा वजन अपने कंधों पर लिया एक तरफ उनके सामने पिता की विरासत को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की बड़ी चुनौती थी तो दूसरी तरफ मंडावा क्षेत्र के लोगों के भरोसे को भी जिंदा रखना था । इसलिए उन्होंने विधानसभा में अपने क्षेत्र की सालों की गंभीर समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया यह उनकी खुशकिस्मत थी कि 2008 में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी जिसकी वजह से उन्हें अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में ज्यादा कठिनाई का सामना करना नहीं पड़ा इस बीच 2012 में अपने पिता के निधन का उन्हें गहरा झटका भी लगा । क्योंकि उनके पिता एक तरह से राजनीति के सबसे बड़े गुरु थे। जिनके मार्गदर्शन और अगुवाई में उन्होंने अपनी पॉलिटिकल यात्रा शुरू की इसलिए पिता के निधन से रीटा चौधरी अंदर से दुखी तो खूब हुई लेकिन पिता के अधूरे सपनों को पूरे करने का ख्वाब और पिता की विरासत को खूबसूरती के साथ आगे बढ़ाने कि जिम्मेदारी ने रीटा चौधरी को एक मजबूत राजनेता बनने की ओर प्रेरित किया। वर्ष हालांकि 2008 के कार्यकाल में रीटा चौधरी ने अपने क्षेत्र में पीने की पानी की समस्या के निवारण के लिए कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का मामला जोर-जोर से उठाया जिसे तत्कालीन गहलोत सरकार ने मंजूर भी कर लिया था लेकिन बाद में 2013 में प्रदेश में भाजपा की सरकार के गठन के बाद यह परियोजना कागजों से निकलकर धरातल पर नहीं आ सकी। हालांकि वर्ष 2008 में अन्य आधारभूत सुविधाओं जैसे सड़क, चिकित्सा, बिजली, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में रीटा चौधरी ने अपने स्तर पर प्रयास करके व्यापक कार्य करवाए। लेकिन 2013 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट नहीं मिलने की वजह से रीटा ने निर्दलीय चुनाव लडा और कड़े मुकाबले में मामूली वोटो के अंतर से उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा उस समय पूरे देश में मोदी लहर चल रही थी और 2013 के विधानसभा चुनाव में 200 में से कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ 21 सीटों पर ही जीत दर्ज की थी कांग्रेस पार्टी के कई बड़े लीडर चुनाव हार गए थे लेकिन इन चुनाव में रीटा चौधरी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भारी संख्या में वोट हासिल किए थे बाद में 2018 में कांग्रेस पार्टी की ओर से इन्हें फिर से टिकट दिया गया और अच्छे वोटो के अंतर से रीटा चौधरी दूसरी बार इस सीट से विधायक चुनी गई इस तरह से 2008 और 2018 इन दो विधानसभा चुनाव में अपने विधायक पद के कार्यकाल में इन्होंने बड़ी संख्या में विकास कार्य करवाए जिसमें पूरे मंडावा विधानसभा क्षेत्र में जहां पहले एक उप तहसील हुआ करती थी वहां इन्होंने तीन तहसील स्थापित करवाई। मलसीसर, बिसाऊ , और मांडव में तीन तहसील कार्यालय खुलवाए इसी तरह से दो जगह पर पंचायत समिति कार्यालय खुलवाएं दो जगह पर एसडीएम के दफ्तर खुलवाएं क्षेत्र में रीको औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करवाई ।वेटरनरी कॉलेज , आईआईटी केंद्र खुलवाया, क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज खुलवाएं। महिला कॉलेज की स्थापना करवाई इस तरह से व्यापक स्तर पर इन्होंने क्षेत्र में विकास कार्य करवाए उसी का नतीजा है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अधिकांश मंत्री और कई बड़े नेता चुनाव हार गए लेकिन मंडावा से रीटा चौधरी ने शानदार जीत दर्ज की । अपने दोनों ही कार्यकाल में इन्होंने अपने क्षेत्र में हर गांव तक नई सड़कों का जाल बिछाया क्षेत्र में उप जिला अस्पताल की भी स्थापना करवाई आधा दर्जन कॉलेज की स्थापना करवा कर शिक्षा के क्षेत्र में मंडावा को तेजी से आगे बढ़ने का प्रयास किया । जानकार लोगों का कहना है कि मंडावा निर्वाचन क्षेत्र में रीटा चौधरी की ओर से बड़े पैमाने पर करवाए गए विकास कार्यों की वजह से ही आज इस निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ खेती के लिए पानी की बड़ी समस्या है अन्यथा और सभी बड़ी समस्याओं से मंडावा निर्वाचन क्षेत्र करीब-करीब मुक्त हो गया है मांडव के विकास की यह जो नई तस्वीर सामने आई है इसमें स्थानीय विधायक रीटा चौधरी का बहुत बड़ा योगदान है ।

## भजनलाल सरकार के कार्यकाल में भी विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को दमदार तरीके से उठाया

*प्रदेश की वर्तमान भजनलाल सरकार के कार्यकाल में राजस्थान विधानसभा के अब तक जितने भी सत्र आयोजित हुए हैं इन सभी सत्र में रीटा चौधरी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को दमदार तरीके से उठाया। रीटा चौधरी का व्यवहार विधानसभा में बिल्कुल अनुशासित, संयमित और काफी सरल रहता है लेकिन जब इन्हें बोलने का मौका मिलता है तो अपने क्षेत्र की समस्याओं को जोरदार तरीके से सदन में रखती हैं पिछले विधानसभा सत्र के दौरान ही इन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में झींगा फार्मिंग को बढ़ावा देने का मुद्दा उठाया और कहा कि क्षेत्र में खारे पानी की वजह से अन्य फसल होना काफी मुश्किल है इसलिए किसान झींगा फार्मिंग की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं इसलिए सरकार को झींगा फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए अपने स्तर पर और प्रयास करने चाहिए ताकि किसानों को राहत मिल सके उन्होंने इस बात पर आक्रोश प्रकट किया कि झींगा फार्मिंग में बिजली विभाग की ओर से किसानों को व्यवसायिक बिजली की दर के आधार पर बिल भेजा जा रहा है जिसकी वजह से किसान काफी परेशान है और भारी बिल आने की वजह से किसानों का आर्थिक संकट काफी बढ़ गया है । चौधरी ने भजनलाल सरकार से डिमांड की की झींगा फार्मिंग से जुड़े किसानों को बिजली के बिल में रियायत दी जाए किसानों को कमर्शियल तरीके से बिल भेजना किसी भी स्थिति में ठीक नहीं है क्योंकि क्षेत्र के किसान पहले ही खारे पानी की वजह से खेतों में फसल नहीं उगा पा रहे जिसकी वजह से उनकी आर्थिक हालत पहले से ही काफी खराब है और अब अगर किसान खुद की हालत सुधारने के लिए झींगा फार्मिंग को अपना रहे हैं तो सरकार को भी उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए रीटा चौधरी ने झींगा फार्मिंग से जुड़े किसानों को तुरंत बिजली का कनेक्शन देने की भी मांग की वैसे कहा जा रहा है कि रीटा चौधरी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की अन्य बहुत सी बड़ी-बड़ी समस्याएं थी उन समस्याओं का निवारण उन्होंने वर्ष 2008 और 2018 के अपने विधायक पद के कार्यकाल में करवा लिया था । क्योंकि इन दोनों ही कार्यकाल में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी इसलिए अपनी ही पार्टी की सरकार से अपने क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकास कार्य करवा लिए थे जिसमें सालों से लंबित समस्याओं का भी उन्होंने निवारण करवाया था क्षेत्र में पीने के पानी की जो बड़ी समस्या थी उस समस्या का निवारण उन्होंने कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का शुभारंभ करवा कर इस परियोजना को जल जीवन मिशन से जुड़वाया जिसका लोगों को फायदा मिल रहा है लेकिन यहां खारे पानी की वजह से खेतों में अच्छी फसल पैदा करना किसान के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है इसीलिए यहां के किस झींगा फार्मिंग की ओर कदम बढ़ा रहे हैं ।*

## उच्च शिक्षित हैं रीता चौधरी, जन सेवा के लिए अच्छी सैलरी की नौकरी छोड़ी

*रीटा* चौधरी ने अपनी कंप्लीट पढ़ाई जयपुर में की है राजस्थान विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर अंग्रेजी साहित्य में भी स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की इसके अलावा राजस्थान विश्वविद्यालय से ही इंडस्ट्रियल रिलेशंस एंड हुमन रिसर्च में स्नाकोत्तर डिप्लोमा इसके अलावा न्यू फोर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफ़ोर्निया बेंगलुरु से कार्मिक प्रबंधन में एमबीए की डिग्री भी हासिल की हुई है। स्कूल के समय से ही पढ़ाई में काफी इंटेलिजेंट जिसके कारण कॉलेज और यूनिवर्सिटी में अच्छे अंकों से इन्होंने सभी बड़ी डिग्री हासिल की जिसके फल स्वरुप इन्हें एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनी में अच्छी सैलरी पर नौकरी भी मिल गई थी लेकिन पढ़ाई के दौरान ही इन्होंने अपने पिता के राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में सहयोग करना शुरू कर दिया था जिसकी वजह से अपने पिता को जन सेवा के कार्यों के लिए समर्पित देखकर खुद के मन में भी इसी तरह से ग्रामीण परिवेश में रह रहे लोगों के जीवन स्तर को सुधारने और किसान की पीड़ा को दूर करने के जज्बे ने राजनीति में कदम रखने को मजबूर कर दिया जब पिता रामनारायण चौधरी ने अपनी बेटी को अपने साथ इस तरह से जन सेवा के कार्यों में समर्पित भाव से कार्य करते हुए देखा तो उन्होंने यह सोच लिया था कि उनकी है बेटी उनके नाम को आगे बड़े ही शान से बढ़ाएगी इसलिए रामनारायण चौधरी ने भी *रीटा* चौधरी की इच्छा को दबाया नहीं बल्कि अपनी बेटी की प्रतिभा और लगन को देखकर उसे कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस पार्टी के विस्तार के लिए पार्टी से जोड़ लिया और खुद के अधिक आयु होने और स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण चुनाव लड़ना मुनासिब नहीं समझा और अपनी बेटी *रीटा* को 2008 के विधानसभा चुनाव में मंडावा से कांग्रेस का टिकट दिलवाया जिसमें उन्हें जीत भी मिली इस तरह से अपने पहले ही चुनाव में *रीटा* ने सफलता हासिल की ।

## जाट समाज में महिला राजनेताओं में अग्रिम पंक्ति में नजर आती हैं रीता चौधरी

जानकार लोगों का कहना है कि जाट समाज में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी दोनों ही दलों में पुरुष नेताओं की तो लंबी लिस्ट है लेकिन महिला नेताओं में काफी कमी है कांग्रेस पार्टी में शुरू से ही एक से एक बड़े से बड़े जाट नेता रहे हैं लेकिन जाट समाज में महिला नेताओं का हमेशा कमी रही लेकिन अब धीरे-धीरे कांग्रेस पार्टी में महिला जाट नेताओं का दबदबा नजर आने लगा है *रीटा* चौधरी , कृष्णा पूनिया जैसे महिला नेताओं की वजह से कांग्रेस पार्टी में महिला जाट नेताओं की उपस्थिति दमदार तरीके से नजर आने लगी है जो कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी के लिए भी अच्छी खबर है क्योंकि वर्तमान में राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में महिला मतदाताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और राजस्थान में भी मतदाताओं में आधी जनसंख्या महिलाओं की है कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छात्राएं आजकल मतदान में जबरदस्त रुचि दिखने लगी हैं इसके अलावा कॉलेज और यूनिवर्सिटी की राजनीति में भी लड़कियां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और छात्र संघ में अपनी उपस्थिति भी दमदार तरीके से दिख रही हैं इसलिए राजस्थान कांग्रेस में महिला जाट नेता प्रदेश की महिलाओं और कॉलेज तथा यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्राओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं इसलिए अब रीटा चौधरी और कृष्णा पूनिया जैसी महिला जाट नेताओं के दम पर प्रदेश की महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जा सकता है क्योंकि फील्ड में महिलाओं के बीच महिला नेता ही महिलाओं को अच्छी तरह से समझने में सफल होती है और महिलाएं भी महिलाओं की बात को ही ज्यादा तवज्जो देती हैं इसलिए राजस्थान कांग्रेस और कांग्रेस हाई कमान अब महिलाओं को ज्यादा अवसर और ज्यादा मौका देने के बारे में गंभीरता से कार्य करने लगा है ।

# समस्या बना संविधान के मूल ढांचे का सिद्धांत



इस साल 26 नवंबर को भारतीय संविधान के 76 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। कुछ उतार-चढ़ावों के बावजूद संविधान ने देश के गणतंत्रात्मक, संघात्मक और लोकतांत्रिक स्वरूप को सशक्त किया है। जहां पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका जैसे तमाम देशों में कई-कई बार संविधान बदल कर नए संविधान बनाए गए, वहीं भारतीय जनता ने अपने संविधान में आस्था बनाए रखी है। संसद ने 106 संविधान संशोधनों द्वारा कानून और सामाजिक विकास में समन्वय बनाए रखा है। आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी द्वारा संविधान में छेड़छाड़ को छोड़ दिया जाए तो हम कह सकते हैं कि संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप संविधान चलता रहा है। लोकतंत्र सीधी लकीर में चलने वाली संवैधानिक व्यवस्था नहीं है। असहमति, आलोचना और विरोध उसके अपरिहार्य तत्व हैं। इसलिए लोकतंत्र में होने वाले टकरावों से उत्पन्न सामाजिक राजनीतिक गर्माहट को नकारात्मकता की संज्ञा नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने सामाजिक, सांस्कृतिक, मजहबी, क्षेत्रीय और भाषाई आदि विविधताओं के चलते असहमतियों, आलोचनाओं और विरोध को अपनी लोकतांत्रिक सभ्यता-संस्कृति के अभिन्न तत्व के रूप में अंगीकार किया है। इस वर्ष संविधान दिवस इसलिए विशेष है, क्योंकि हाल में सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय खंडपीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा अनुच्छेद 143(1) के अंतर्गत मांगे गए 14 बिंदुओं पर अपना परामर्श दिया, जिसमें न्यायमूर्तियों ने 'स्वदेशी व्याख्या' पद्धति अपनाई। इसी में न्यायमूर्तियों ने 'शक्ति विभाजन सिद्धांत' की पुनर्स्थापना करते हुए स्वयं न्यायपालिका को सचेष्ट किया कि वह कार्यपालिका अर्थात राष्ट्रपति एवं राज्यपालों द्वारा विधेयकों को स्वीकृत करने के संवैधानिक अधिकारों में सेंध का प्रयास न करे। यह महत्वपूर्ण न्यायिक परामर्श है, जो न्यायपालिका के लिए न केवल 'लक्ष्मण रेखा' खींचता है, वरन व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के अंतर्संबंधों में पारस्परिकता एवं सौहार्द की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। जनता को लगता है कि 1993 में न्यायिक नियुक्तियों के लिए बनी कोलेजियम प्रणाली और उससे पहले 1973 में केशवानंद भारती मामले में संविधान के मूल ढांचे का सिद्धांत प्रतिपादन करने में सर्वोच्च न्यायालय ने संभवतः इस लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण किया है। कोलेजियम प्रणाली के तहत न्यायपालिका ने उच्चतर न्यायपालिका में नियुक्ति एवं स्थानांतरण का अधिकार अपने हाथ में ले लिया। यह व्यवस्था अनुच्छेद 124 में वर्णित प्रक्रिया के उलट है, जो राष्ट्रपति को अधिकार देती है कि वह मुख्य न्यायाधीश और ऐसे अन्य न्यायाधीशों (जिनसे परामर्श जरूरी हो) से परामर्श कर न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। प्रमुख लोकतंत्रों में कहीं ऐसा नहीं है जहां न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। विशेषज्ञों का भी मानना है कि कोलेजियम व्यवस्था से न्यायिक नियुक्तियों में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता प्रभावित हुई है और न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन बिगड़ा है। संविधान के मूल ढांचे का सिद्धांत व्यवस्थापिका और कार्यपालिका दोनों पर सदैव लटकने वाली तलवार जैसा है। केशवानंद भारती मामले में न्यायालय ने निर्णय दिया कि संसद मौलिक अधिकारों सहित संविधान के किसी भी प्रविधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन संविधान के मूल ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं कर सकती। न्यायालय ने मूल ढांचे की कोई अंतिम परिभाषा एवं सूची नहीं बनाई। इतना ही नहीं, कालांतर में शीर्ष अदालत मूल ढांचे के अलग-अलग पहलू चिह्नित करती गई। इस प्रकार संसद आश्वस्त ही नहीं हो पाती कि संविधान संशोधन में वह किसी मूल ढांचे का उल्लंघन कर रही है या करने जा रही है? संविधान निर्माताओं ने न्यायपालिका को न्यायिक पुनरीक्षण का सीमित अधिकार दिया था और उसे विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के सिद्धांत से बांधा भी, जिससे वह किसी कानून को केवल तभी निरस्त कर सके जब वह संवैधानिक प्रविधानों के विरुद्ध हो। मूल ढांचे के सिद्धांत का प्रयोग कर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं को 'न्यायिक वीटो' प्रदान कर दिया है, जो कानूनों और संवैधानिक संशोधनों को भी किसी ज्ञात या अज्ञात मूल ढांचे के विरुद्ध होने के आधार पर निरस्त कर सकता है। मूल ढांचे के सिद्धांत का प्रतिपादन कर न्यायपालिका ने व्यवस्थापिका और कार्यपालिका दोनों पर अपना वर्चस्व स्थापित किया है, जो स्वयं मूल ढांचे के शक्ति विभाजन सिद्धांत के प्रतिकूल है। ऐसे में संविधान के मूल ढांचे के सिद्धांत की नए सिरे से समीक्षा होनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने भले ही राष्ट्रपति या राज्यपालों हेतु विधेयकों की स्वीकृति के लिए समयसीमा निर्धारित करने को त्रुटिपूर्ण माना, पर यह भी संकेत दिया कि राष्ट्रपति एवं राज्यपालों को विधेयकों को स्वीकृत करने में अति-विलंब नहीं करना चाहिए। क्या यह संकेत न्यायपालिका तक भी जाएगा, क्योंकि न्यायपालिका में वादों को निपटाने में बहुत समय लगता है? क्या सर्वोच्च न्यायालय किसी ऐसी व्यवस्था को जन्म दे सकता है, जिससे मुकदमों पर एक-सप्ताह, एक-महीने या एक-वर्ष में अंतिम निर्णय हो सके? विकसित राष्ट्र के लिए संविधान की क्लिष्ट भाषा का सरलीकरण भी जरूरी है। संविधान की भाषा ऐसी हो कि विधि विशेषज्ञ, वकील और न्यायाधीश ही नहीं, आम नागरिक भी संविधान को पढ़-समझ सकें। यह सही है कि सरकार और न्यायपालिका की कई पहल ऐसी रही हैं, जिनसे संविधान और कानूनों का सरलीकरण हुआ है, लेकिन संविधान के प्रति आदर का भाव होने के बावजूद अभी आम नागरिक और संविधान में बहुत दूरी है।

*इसी में न्यायमूर्तियों ने 'शक्ति विभाजन सिद्धांत' की पुनर्स्थापना करते हुए स्वयं न्यायपालिका को सचेष्ट किया कि वह कार्यपालिका अर्थात राष्ट्रपति एवं राज्यपालों द्वारा विधेयकों को स्वीकृत करने के संवैधानिक अधिकारों में सेंध का प्रयास न करे। यह महत्वपूर्ण न्यायिक परामर्श है, जो न्यायपालिका के लिए न केवल 'लक्ष्मण रेखा' खींचता है, वरन व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के अंतर्संबंधों में पारस्परिकता एवं सौहार्द की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। जनता को लगता है कि 1993 में न्यायिक नियुक्तियों के लिए बनी कोलेजियम प्रणाली और उससे पहले 1973 में केशवानंद भारती मामले में संविधान के मूल ढांचे का सिद्धांत प्रतिपादन करने में सर्वोच्च न्यायालय ने संभवतः इस लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण किया है। कोलेजियम प्रणाली के तहत न्यायपालिका ने उच्चतर न्यायपालिका में नियुक्ति एवं स्थानांतरण का अधिकार अपने हाथ में ले लिया। यह व्यवस्था*

## सम्पादकीय

### आईवीएफ उपचार के लिए कब जाना चाहिए : महत्वपूर्ण जानकारी एवं दिशानिर्देश:

जब एक दंपति स्वाभाविक रूप से गर्भधारण करने की कोशिश कर रहा होता है और सफलता नहीं मिलती, तो अगला कदम अक्सर प्रजनन विशेषज्ञ (fertility specialist) से परामर्श करना होता है। इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) एक प्रमुख और प्रभावी उपचार विकल्प है, लेकिन यह जानना महत्वपूर्ण है कि यह किसके लिए और कब सबसे उपयुक्त है।



लेखक
डॉ चारु जौहरी
निःसंतानता विशेषज्ञ
इंदिरा आई वी एफ, अलवर

**परामर्श का सही समयः आयु-आधारित दिशा निर्देश**

विशेषज्ञों के अनुसार, प्रजनन विशेषज्ञ से परामर्श करने का समय मुख्य रूप से महिला की उम्र और प्रयास की अवधि पर निर्भर करता है:

35 वर्ष से कम आयुः यदि आप 12 महीने तक नियमित, असुरक्षित यौन संबंध के बावजूद गर्भधारण नहीं कर पा रही हैं, तो डॉक्टर से सलाह लें।

35 से 40 वर्ष के बीच आयुः इस आयु वर्ग में, प्रजनन क्षमता में गिरावट तेजी से होती है। इसलिए, 6 महीने के प्रयास के बाद ही विशेषज्ञ से परामर्श करने की सलाह दी जाती है।

40 वर्ष से अधिक आयुः 40 वर्ष के बाद, प्रजनन क्षमता काफी कम हो जाती है, इसलिए आमतौर पर 3 महीने के प्रयास के बाद या सीधे एक प्रजनन विशेषज्ञ से मिलने की सलाह दी जाती है।

चिकित्सा स्थितियां जो आईवीएफ की ओर इशारा करती हैं

कुछ विशिष्ट चिकित्सा स्थितियां हैं जिनमें आईवीएफ को प्राथमिक या द्वितीयक उपचार विकल्प के रूप में सुझाया जा सकता हैः फैलोपियन ट्यूब में रुकावट या क्षतिः आईवीएफ में भ्रूण को सीधे गर्भाशय में रखा जाता है, जिससे यह अवरुद्ध ट्यूबों के मामलों में एक प्रभावी समाधान है।

पुरुष बांझपन कारकः यदि पुरुष साथी में शुक्राणुओं की संख्या कम है, गतिशीलता खराब है, या शुक्राणु का आकार असामान्य है।

ओव्यूलेशन विकारः अनियमित ओव्यूलेशन या ओव्यूलेशन न होने की स्थिति, जैसे पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (PCOS)

एंडोमेट्रियोसिसः यह स्थिति प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकती है, और कई मामलों में आईवीएफ सफल साबित होता है।

अस्पष्टीकृत बांझपनः जब सभी परीक्षणों के बावजूद बांझपन का कोई स्पष्ट कारण नहीं मिल पाता है, तो आईवीएफ अगला कदम हो सकता है।

अन्य उपचारों की विफलताः यदि कम आक्रामक उपचार, जैसे फर्टिलिटी दवाएं या अंतर्गर्भाशयी गर्भाधान (IUI), विफल हो गए हैं।

आनुवंशिक विकारः यदि दंपती को अपने बच्चे में आनुवंशिक विकार (genetic disorder) पारित होने का जोखिम है, तो आईवीएफ के साथ प्रीइम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग (PGT) का उपयोग किया जा सकता है।


**महत्वपूर्ण विचार**

उम्रः आईवीएफ सफलता दर को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक उम्र है। जितनी जल्दी उपचार शुरू होगा, सफलता की संभावना उतनी ही अधिक होगी।

समग्र स्वास्थ्यः किसी भी मौजूदा स्वास्थ्य स्थिति, जैसे मधुमेह या थायराइड की समस्या, को उपचार से पहले नियंत्रित किया जाना चाहिए।

भावनात्मक और वित्तीय तैयारीः आईवीएफ एक भावनात्मक और आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया हो सकती है, इसलिए मजबूत समर्थन प्रणाली महत्वपूर्ण है। एक योग्य प्रजनन विशेषज्ञ के साथ परामर्श आपकी स्थिति का पूरी तरह से मूल्यांकन करने और आपके लिए सबसे उपयुक्त उपचार योजना निर्धारित करने का सबसे अच्छा तरीका है। रिप्रोडक्टिव


# आतंक के मूल कारणों की अनदेखी



दिल्ली में लाल किले के निकट आतंकी धमाका करने वाले आत्मघाती हमलावर उमर नबी का वीडियो सामने आने के बाद उसे भटका हुआ और गुमराह बताने की होड़ लगी है। कुछ नेता तो उसे मुस्लिम मानने को ही तैयार नहीं। यह सब इसीलिए है, क्योंकि वह अपने एक वीडियो में यह कहते हुए देखा-सुना गया कि आत्मघाती हमला इस्लामी कृत्य है-शहादत है। वह पहला ऐसा आतंकी नहीं, जिसने आत्मघाती हमले को मजहबी अथवा इस्लामी कृत्य बताया हो। न जाने कितने आतंकी और उनके समूह ऐसा ही कहते हैं। तमाम आतंकी समूहों के तो नाम ही इस्लामी हैं, जैसे जैशे मोहम्मद और लश्करे तैयबा। पाकिस्तान आधारित इन जिहादी संगठनों के साथ-साथ भारत में भी इस्लामी नाम वाले कई आतंकी संगठन बनाए जा चुके हैं। इनके नाम उनकी प्रेरणा का स्रोत ही बताते हैं और यह प्रायः मजहबी ही होता है। इसका प्रमाण यह है कि इनमें से अधिकांश का लक्ष्य गजवा-ए-हिंद या ऐसा ही कुछ होता है। सबसे खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट अपने को केवल इस्लामी ही नहीं बताता, बल्कि उसने अपने झंडे पर इस्लाम में ईमान की घोषणा यानी शहादा को भी अंकित कर रखा है। उसने ऐसा इसीलिए किया, ताकि खुद को पक्का इस्लामी संगठन साबित कर सके। क्या यह किसी से छिपा है कि दुनिया भर के न जाने कितने मुस्लिम युवक उसके लिए लड़ने सीरिया और इराक पहुंचे? ऐसा तब हुआ, जब कई देशों में उसके खिलाफ फतवा जारी हुआ। भारत में भी हुआ था, लेकिन केरल, कर्नाटक से कई मुस्लिम युवकों ने उसे महत्व नहीं दिया। यह संगठन अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अब भी सक्रिय है। इसने जैसी बर्बरता दिखाई, उसकी मिसाल मिलना कठिन है। इसके बाद भी एक समय कश्मीर में इस खूंखार आतंकी संगठन से हमदर्दी रखने वालों में उसका झंडा लहराने की सनक सवार थी। राजौरी में इस सनक से आजिज आए लोगों ने एक बार आइएस के झंडे को जला दिया। इस पर बवाल हो गया। बवाल करने वालों ने कहा कि उनकी मजहबी भावनाओं को आहत किया गया है। झंडा जलाने वालों ने माफी मांगी और कहा कि उन्हें नहीं पता था कि झंडे में क्या अंकित था और उसका मतलब क्या है, लेकिन कथित आहत लोग शांत होने को तैयार नहीं हुए। नतीजा यह हुआ कि वहां कर्फ्यू लगाना पड़ा। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कश्मीर में जब किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने वाला आतंकी मारा जाता था, तो तत्काल ही उसे भटका हुआ और दीन-ईमान से खारिज बता दिया जाता था, लेकिन उसके जनाजे में हजारों लोग शामिल होने भी आ जाते थे। अन्य अनेक कारणों के साथ-साथ यही दोहरा रवैया भी जिहादी आतंक से लड़ाई को कठिन बना रहा है। यह हास्यास्पद ही है आतंकी उमर का वीडियो सामने आते ही जिहाद को अंदरूनी संघर्ष-छोटे संघर्ष के रूप में परिभाषित किया जाने लगा। इसी तरह काफिर शब्द की भी मनचाही व्याख्या की जाने लगी। यह भी कहा जाने लगा कि आतंकी का कोई मजहब नहीं होता। निःसंदेह नहीं होता, लेकिन क्या इसमें संदेह है कि वे मजहब का ही सहारा लेते हैं और उसके ही जरिये समर्थन जुटाते हैं-संरक्षण पाते हैं। जैसे फरीदाबाद आतंकी माड्यूल वाले आतंकियों ने पाया। इस माड्यूल में शामिल कई आतंकी डाक्टर हैं। साफ है कि उनके उच्च शिक्षित होने में कोई संदेह नहीं। इसके बाद भी उनके आतंकी बनने के लिए मोदी सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार बताने की कोशिश हो रही है। क्या यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार ने उनके डाक्टर बनने में बाधा खड़ी की या फिर उनकी कहीं नौकरी नहीं लगने दी? यदि ऐसा कुछ होता तो वे डाक्टरी की पढ़ाई पूरी करके कश्मीर के साथ-साथ फरीदाबाद, सहारनपुर आदि में नौकरी कैसे पा गए? चूंकि वे अच्छा-खासा वेतन पाते थे, इसलिए यह भी नहीं कहा जा सकता कि आर्थिक तंगी से ग्रस्त थे। वे जिहादी इसलिए बने, क्योंकि उन पर जिहाद के रास्ते पर चलने का भूत सवार हुआ और इसलिए सवार हुआ, क्योंकि उन्होंने खोज लिया कि यह रास्ता तो मजहबसम्मत है। यदि वे किसी जिहादी मौलवी या पाकिस्तानी हैंडलर से जुड़ गए तो क्या अपनी अज्ञानता के कारण जुड़े? वे तो इसीलिए जुड़े, क्योंकि उन्होंने उनके कहे को सही माना। यदि वे अपनी आतंकी हरकत को मजहबी कृत्य साबित करने में समर्थ नहीं हुए होते तो अपने साथ इतने अधिक लोगों को नहीं जोड़ पाते कि उनकी गिनती करना कठिन होता। फरीदाबाद माड्यूल में शामिल आतंकी डाक्टरों के बारे में यह भी नहीं कहा जा सकता कि वे किसी प्रताड़ना का शिकार थे। कुछ लोगों की ओर से यह भी कहा जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के कारण उनमें आक्रोश भर गया और वे आतंक की राह पर चलने को मजबूर हुए, लेकिन कश्मीर में आतंकवाद तो तब भी था, जब वहां अनुच्छेद 370 मौजूद था। आखिर तब वहां आतंकी क्यों बन रहे थे?

# राष्ट्रीय चेतना का आरोहण

**विश्व के अनेक देशों ने ऐसा ही किया। इस मामले में पोलैंड की ओर से रूसी साम्राज्य की ओर से बनवाए गए आर्थोडाक्स चर्च को ढहाए जाने का निर्णय एक मिसाल है, लेकिन भारत छद्म पंथनिरपेक्षता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गौरव भाव के अभाव के चलते ऐसी मिसाल कायम करने से पीछे हट गया। होना तो यह चाहिए था कि जैसे सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया, वैसे ही अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही काशी और मथुरा के मंदिरों को भी मुक्त कराया जाता।**



अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना केवल इस मंदिर के निर्माण की पूर्णता का ही परिचायक नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का उद्घोष भी है। इस आयोजन के साथ पांच सदी पुराने एक संघर्ष का समापन हुआ। भगवान राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर के निर्माण की अभिलाषा पूरी होने में इसलिए अधिक समय लगा, क्योंकि स्वतंत्रता के बाद जिस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, उसे संकीर्ण राजनीतिक कारणों से अनदेखा किया गया। किसी भी स्वाभिमानी राष्ट्र का पहला दायित्व होता है स्वतंत्र होते ही परतंत्रता के चिह्नों को मिटाना। विश्व के अनेक देशों ने ऐसा ही किया। इस मामले में पोलैंड की ओर से रूसी साम्राज्य की ओर से बनवाए गए आर्थोडाक्स चर्च को ढहाए जाने का निर्णय एक मिसाल है, लेकिन भारत छद्म पंथनिरपेक्षता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गौरव भाव के अभाव के चलते ऐसी मिसाल कायम करने से पीछे हट गया। होना तो यह चाहिए था कि जैसे सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया, वैसे ही अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही काशी और मथुरा के मंदिरों को भी मुक्त कराया जाता। यदि अयोध्या में सदियों की प्रतीक्षा के बाद राम मंदिर का निर्माण हो सका तो केवल इसलिए नहीं कि अंततः न्यायपालिका ने इस विवाद का निपटारा करने का फैसला किया। न्यायपालिका इस विवाद का निपटारा इसलिए कर सकी, क्योंकि मोदी सरकार ने अनुकूल परिस्थितियां पैदा कीं। इसके विपरीत पहले की अधिकांश सरकारों ने ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करने के बजाय ऐसे प्रयत्न अधिक किए कि इस विवाद का समाधान ही न हो सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तब सुप्रीम कोर्ट ने भी अयोध्या विवाद पर राष्ट्रपति की ओर से संदर्भित प्रश्न का संज्ञान लेने से मना कर दिया था। यह सब संकीर्ण राजनीति के साथ मैकाले की शिक्षा पद्धति से उपजी उस मानसिकता के चलते भी हुआ, जिससे मुक्ति की आवश्यकता प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में भी जताई। वे इसके पहले भी गुलामी वाली इस मानसिकता के समूल नाश की आवश्यकता रेखांकित कर चुके हैं। मैकाले की शिक्षा पद्धति से उपजी मानसिकता ने भारतीय समाज को उसकी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना से विमुख तो किया ही, अपनी विरासत को हीन समझने का आत्मघाती भाव भी पैदा किया। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि अगले दस वर्षों में इस मानसिकता से मुक्ति पा ली जाए, लेकिन यह आसान कार्य नहीं।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजाखेड़ा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में ईएफ डिजिटाईजेशन कार्य का किया अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जिले में जारी है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर ईएफ (एन्युमरेशन फॉर्म) संग्रहित कर डिजिटाईजेशन कर रहे हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में महदपुरा के भाग संख्या 226, कठूमरी के भाग संख्या 230 एवं सामौर के भाग संख्या 216 पर बीएलओ द्वारा संग्रहित एवं डिजिटाईज्ड किए जा रहे ईएफ कार्यो का निरीक्षण किया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर बीएलओ द्वारा डिजिटाईजेशन ईएफ कार्य को देखा और मतदाताओं के घर पहुंचकर उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ईआरओ और बीएलओ से भी आवश्यक जानकारी लेकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## शेखावाटी में ब्रोंकोस्कोपी का एकमात्र सेंटर अब टीबड़ा हॉस्पिटल

जयपुर टाइम्स

**बसंत विहार, सीकर(निसं.)** शेखावाटी क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए टीबड़ा हॉस्पिटल ने इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी शाखा की शुरुआत की है। ऑर्थोपेडिक्स एवं स्पाइन सर्जरी में अपनी विशेष पहचान बना चुके इस अस्पताल में अब फेफड़ों की बीमारियों के निदान के लिए अत्याधुनिक ब्रोंकोस्कोपी सुविधा शुरू की गई है।यह क्षेत्र का एकमात्र सेंटर है जहां फेफड़ों की दूरबीन से जांच (ब्रोंकोस्कोपी), गाइडेड बायोप्सी, फाइन नीडल एस्पिरेशन ब्रशिंग और लैवाज जैसी सभी आधुनिक जांच सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। यह सभी जांचें आरजीएचएस, ईसीएचएस तथा टीपीए



पैनल में भी मान्यता प्राप्त हैं। जाने-माने सीनियर इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विपिन महला ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और जीवनशैली के कारण फेफड़ों की बीमारियों और कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि लंबे समय तक श्वास लेने में तकलीफ, लगातार खांसी या छाती में दर्द जैसे लक्षण बने रहें, तो ब्रोंकोस्कोपी जांच से रोग का शुरुआती चरण में ही पता लगाया जा सकता है। डॉ. महला के अनुसार, ब्रोंकोस्कोपी एक डे केयर प्रोसीजर है जो पूरी तरह सुरक्षित और समय बचाने वाला है। पूरी प्रक्रिया में मात्र 20 से 25 मिनट का समय लगता है और मरीज उसी दिन घर जा सकता है। डॉ0 महला की नियमित सेवा टीबड़ा हॉस्पिटल में उपलब्ध है। टीबड़ा हॉस्पिटल द्वारा यह नई सुविधा शुरू किए जाने से शेखावाटी क्षेत्र के मरीजों को अब लंग और रेस्पिरेटरी रोगों के लिए जयपुर या अन्य महानगरों में जाने की जरूरत नहीं रहेगी।

## संविधान दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** गुरुकुल आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनगढ़ में संविधान दिवस का आयोजन अधिवक्ता राजेंद्र मारोठिया की अध्यक्षता में किया गया जिसके अधिवक्ता पंकज मंडार, अधिवक्ता विकास ज्यानी, अधिवक्ता नावेद खान , अधिवक्ता पूजा पारीक विशिष्ट मंच का आतिथ्य ग्रहण किया। संविधान दिवस पर विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी।कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेंद्र मारोठिया ने बच्चों को बताया कि संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक का अहम दस्तावेज हैं। अधिवक्ता पंकज मंडार ने संविधान का अर्थ और परिभाषा बच्चों को समझाई। अधिवक्ता विकास ज्यानी ने अपने भाषण में संविधान के महत्व और सविधान के प्रति जागरूकता के बारे में बताया और अधिवक्ता नावेद खान ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति और शिक्षित समाज के लिए संविधान गरिमा का विषय है तथा अधिवक्ता पूजा पारीक ने बताया कि संविधान का महत्वपूर्ण ग्रन्थों की तरह आदर करना चाहिए।

## नाम परिवर्तन

मैं सुशील कुमार चेजारा पुत्र श्री मन्ना लाल चेजारा जाति कुमावत निवासी वार्ड नं. 16 कस्बा उदयपुरवाटी तहसील उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनूं राजस्थान सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि
मेरी पुत्री के पासपोर्ट में मेरी पुत्री का नाम तनवी (TANVI) दर्ज है, जबकि आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम तनवी कुमावत (TANVI KUMAWAT) दर्ज है।
भविष्य में मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेज राजकीय, गैर राजकीय सभी में मेरी पुत्री का नाम तनवी कुमावत (TANVI KUMAWAT) हीं अंकित समझा जाये।

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR**

D.B./S.B. CIVIL WRIT PETITION NO. ______/2025

Any Persons/citizens of India V/S State of Rajasthan & Ors.

**APPLICATION UNDER RULE 159 OF THE RAJASTHAN HIGH COURT RULES FOR ENTERING IN TO CAVEAT**

**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS:**

Your Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under Rule 159 of the Rajasthan High Court Rules & let nothing become done till the applicants are heard in the matter. The particulars of the Appeal/Writ/which is likely to be filed are given below.
The Appeal/Writ may be filed by any of the following persons:

1. Any Persons / Citizens of India
That the Appeal/Writ is likely to be filed against:
1. The Executive Officer Nagar Palika Taranagar, District Churu.
2. Ajay Pratap Singh Executive Officer Nagar Palika Taranagar, Churu
That the Appeal/Writ may be filed by any of the following persons/citizens of India challenging the order 14/03/2024 Only Extend to the Nagar Palika Taranagar against the aforesaid.

That the Appeal/Writ which is to be filed will be Civil Writ & Special Appeal Writ.
3. The Vakalatnama on behalf of Ajay pratap singh Executive officer Nagar palika Taranagar, Churu is submitted herewith.
It is therefore humbly prayed that nothing be done in the cases till the applicants are heard.

**Humble Applicant**
**Through his Counsel.**

JODHPUR
DATE: 25.11.25

VIKASH CHOUDHARY
ADVOCATE

# आरसीडीएफ ने लगातार दूसरे वर्ष रचा राष्ट्रीय कीर्तिमान, दो अलग-अलग श्रेणियों में मिले राष्ट्रीय अवॉर्ड




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान ने देशभर में सर्वाधिक तीन राष्ट्रीय अवार्ड जीतकर एक बार फिर इतिहास रचा हैं। भारत सरकार ने तीनों प्रमुख श्रेणियों में राजस्थान को राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्ड-2025 से सम्मानित किया हैं। देशभर से प्राप्त 2081 आवेदनों में से राजस्थान को तीन श्रेणियां में अवार्ड मिलना राज्य की मजबूत डेयरी प्रणाली, नवाचार, क्षमता, उच्च गुणवत्ता और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर बुधवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित भव्य समारोह में राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन को उत्कृष्टता के लिए दो अलग- अलग श्रेणियां में सम्मानित किया गया। राजस्थान ने इस वर्ष अभूतपूर्व सफलता दर्ज करते हुए तीनों प्रमुख राष्ट्रीय श्रेणियों–बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी, बेस्ट डेयरी फार्मर और बेस्ट एआई टेक्नीशियन में अवार्ड हासिल कर राष्ट्रीय कीर्तिमान रच दिया। समारोह में देशभर से आए डेयरी विशेषज्ञों, पशुपालकों और प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह अवार्ड्स दिए गए। आरसीडीएफ की इस उपलब्धि ने न केवल राज्य की डेयरी सहकारिता की क्षमता को उजागर किया है बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी राजस्थान की भूमिका को मजबूत बनाया है। केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री एस. पी. सिंह बघेल तथा जार्ज कुरियन ने राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवॉर्ड प्रदान किए। इस अवसर पर राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबंध संचालक एवं प्रशासक श्रुति भारद्वाज के साथ सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों के पदाधिकारी ने यह सम्मान ग्रहण किया। घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति जयपुरको वर्ष 2025 का बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। समिति को भारत सरकार द्वारा रु. 3,00,000, मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। इसी क्रम में, सीकर के हर्षित झुरिया को बेस्ट डेयरी फार्मर श्रेणी में सम्मानित किया गया है। उन्हें रु. 2,00,000, मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। हर्षित झुरिया को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए गए नवाचारी प्रयासों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। वहीं, हनुमानगढ़ के विकास कुमार को बेस्ट एआई टेक्नीशियन के रूप में चयनित किया गया है। प्रजनन सेवाओं और ए आई तकनीक में उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर डेयरी क्षेत्र में राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सभी विजेताओं और प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्ड मिलने से राजस्थान गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि राजस्थान डेयरी विकास के क्षेत्र में अपने नवाचारों और प्रगतिशील प्रयासों के दम पर देश में निरंतर अग्रणी बना रहेगा। मंत्री कुमावत ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश के मेहनती दुग्ध उत्पादकों की लगन, गुणवत्ता और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी राजस्थान डेयरी क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा और आत्मनिर्भरता तथा ग्रामीण समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा द्य आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने तीनों श्रेणियों में राजस्थान के चयन पर राज्य के दुग्ध उत्पादक किसानों, डेयरी समितियों और टेक्नीशियन को बधाई दी। भारद्वाज ने कहा कि राजस्थान के दुग्ध उत्पादकों की कड़ी मेहनत और परिश्रम ने राज्य को आज यह राष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। यह पुरस्कार वास्तव में उन्हीं का गौरव है और वे इसके पूरी तरह हकदार हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आरसीडीएफ और इसे जुड़े जिला दुग्ध संघो का उत्कृष्ट प्रदर्शन लगातार जारी है। इससे पूर्व अहमदाबाद में आयोजित एक प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम में भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक माया देवी को कार्बन क्रेडिट की पहली किस्त प्रदान की गई, जिसे राज्य की पर्यावरण-अनुकूल डेयरी पहल की बड़ी उपलब्धि माना गया। इसके अलावा, आरसीडीएफ के फ्लैक्सी बायोगैस पायलट प्रोजेक्ट को भी राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना मिली है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष में भी राजस्थान ने दो श्रेणियों में राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्ड हासिल कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी। हाल ही में जैसलमेर में आयोजित मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भी आरसीडीएफ की तकनीकी पहल, नवाचार और किसान-केंद्रित मॉडल की विशेष प्रशंसा की गई।

## जिले में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईएफ डिजिटाइजेशन कार्य का अवलोकन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर (निसं.)**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जिले में जारी है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर ईएफ (एन्युमरेशन फॉर्म) संग्रहण कर डिजिटाईजेशन कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के शहरी, खुड़िला, सिलावट, नीमटांडा, समौना एवं बाजना पर बीएलओ द्वारा संग्रहित कर डिजिटाईजेशन किए जा रहे ईएफ कार्य का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजाखेड़ा में विभिन्न स्थानों पर बीएलओ द्वारा संग्रहित ईएफ कार्य को देखा और मतदाताओं के घर पहुंचकर उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ईआरओ और बीएलओ से भी आवश्यक जानकारी लेकर निर्धारित समयावधि में डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। अवलोकन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता से यह जानकारी ली जाए कि वह पूर्व में कहां निवास करता था। यदि उसका पुराना ईपिक नंबर उपलब्ध है, तो उसके आधार पर नाम तलाश कर मैपिंग की जाए। जिन मतदाताओं का ईपिक नंबर नहीं है, उनके पुराने निवास स्थान की जानकारी लेकर वर्ष 2002 की मतदाता सूची से नाम ढूंढा जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मैपिंग नहीं हो पाई है, उनसे उनके या उनके माता-पिता के वर्ष 2002 में निवास स्थान की जानकारी लेकर मैपिंग सुनिश्चित की जाए। जिन लोगों के नाम वर्ष 2002 की सूची में नहीं मिल रहे हैं और बीएलओ ऐप पर मैपिंग नहीं हो पा रही है, उनके नाम ढूंढने में मदद की जाए। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी दीप्ति को निर्देशित किया कि बीएलओ ऐप पर शत-प्रतिशत मैपिंग का कार्य पूरा किया जाए। जिले की विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 1 लाख 91 हजार 347, 78-बाड़ी में 2 लाख 32 हजार 136, 79-धौलपुर में 1 लाख 85 हजार 903 तथा 80-राजाखेड़ा में 1 लाख 70 हजार 251 कुल 7 लाख 79 हजार 637 ईएफ 84.94 प्रतिशत को डिजिटाइड किया गया है।



## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 पर जिला स्तर पर प्रेस वार्ता, 12 दिसंबर तक चलेगा सघन जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर (निसं.)**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत बुधवार को जिला स्वास्थ्य भवन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बताया कि अभियान 12 दिसंबर तक जिलेभर में चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से समस्त स्कूलों, छात्रावासों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों तथा सरकारी कार्यालयों को तंबाकू मुक्त घोषित करने की कार्यवाही जारी है। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं एवं तंबाकू फ्री गाइडलाइंस की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अंतर-विभागीय अभियान में चिकित्सा विभाग के साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला प्रशासन, पंचायतीराज विभाग, पुलिस विभाग आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है और तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने कहा कि स्कूल, छात्रावास, कॉलेज, ग्राम पंचायत एवं सार्वजनिक कार्यालयों को तंबाकू फ्री जोन घोषित किया जा रहा है तथा सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन करने वालों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि तंबाकू में 4 हजार से अधिक विषैले रसायन पाए जाते हैं और मुंह के कैंसर के लगभग 70 प्रतिशत मामलों में तंबाकू प्रमुख कारण होता है। अभियान के तहत आशा सहयोगिनियां घर-घर सर्वे कर लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। जिला अस्पताल में संचालित परामर्श केंद्र पर तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों को परामर्श, दवाइयां व निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रेस वार्ता में विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




## संविधान दिवस पर न्यायालय परिसर में प्रस्तावना वाचन व संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (निसं.)**भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर धौलपुर में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा एवं कर्तव्यों के पालन की शपथ ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव ने बताया कि प्राधिकरण का कार्य केवल गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना भी है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्य उनके कार्य की मूल प्रेरणा हैं, जिनके लिए विधिक साक्षरता शिविर, लोक अदालतों एवं परामर्श सेवाओं के माध्यम से व्यापक कार्य किया जा रहा है। राजकीय विधि महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र नारायण ने संविधान दिवस एवं राष्ट्रीय विधि दिवस की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि संविधान नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष सुरेश प्रकाश भट्ट ने रालसा के तीन माह के विशेष अभियान (10 नवम्बर से 10 फरवरी 2026) के तहत लोक उपयोगी सेवाओं–बिजली, पानी, परिवहन, बैंकिंग, बीमा, नगर निकाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास एवं एलपीजी सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि स्थाई लोक अदालत में सुलह के आधार पर त्वरित, कम खर्चीला एवं बाध्यकारी निर्णय दिया जाता है, जिसके विरुद्ध अपील की गुंजाइश नहीं रहती। कार्यक्रम के अंत में जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल सहित सभी न्यायिक अधिकारियों ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## राज्य में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति निरंतर सुचारू: डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

### प्रदेश में 1.84 लाख एमटी यूरिया, 65 हजार एमटी डीएपी सहित सभी उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक

### 35 हजार एमटी यूरिया परिवहन में, मांग से अधिक उपलब्धता सुनिश्चित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने राज्य के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि रबी सीजन के मद्देनज़र प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कृषकों को आवश्यकता अनुसार समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार से निरंतर समन्वय कर प्रदेश की मांग के अनुरूप उर्वरकों की आपूर्ति करवाई जा रही है। रबी 2025 के लिए अक्टूबर व नवम्बर माह में भारत सरकार द्वारा आवंटित 7 लाख 55 हजार मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध 1 अक्टूबर 2025 को उपलब्ध स्टॉक सहित अब तक 8 लाख 99 हजार मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता करवाई जा चुकी है। अतिरिक्त 35 हजार मैट्रिक टन यूरिया परिवहन में है, जिसकी आपूर्ति आगामी दो दिनों में हो जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में 1 लाख 84 हजार मैट्रिक टन यूरिया, 65 हजार मैट्रिक टन डीएपी, 64 हजार मैट्रिक टन एनपीके तथा 1 लाख 53 हजार मैट्रिक टन एसएसपी का स्टॉक उपलब्ध है। गत वर्ष की तुलना में फॉस्फेटिक उर्वरकों का स्टॉक 69 हजार मैट्रिक टन अधिक है। उन्होंने बताया कि बारां, झालावाड़, बूंदी, सवाई माधोपुर, अलवर, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में अक्टूबर-नवम्बर की कुल मांग से अधिक यूरिया उपलब्ध करवाया गया है और निरंतर आपूर्ति जारी है, जबकि प्रतापगढ़ जिले में धरियावद क्षेत्र के लिए 2000 मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति शीघ्र करवाई जा रही है। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी श्रीमती मंजू राजपाल ने बताया कि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के लिए प्रदेशभर में सख्त मॉनिटरिंग, चैकपोस्ट, निरीक्षण एवं विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं तथा अनियमितता पाए जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## एनएसएस-एनसीसी व स्काउट गाइड के सहयोग से निकली मतदाता जागरूकता रैली

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** गवर्नमेंट कॉलेज में मतदाताओं को गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूक करने हेतु बुधवार को एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एनसीसी और स्काउट-गाइड परिवार के सहयोग से आयोजित की गई रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के.एल. मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान विद्यार्थियों ने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पैदल मार्च किया और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए नारे लगाए कार्यक्रम का समापन अस्पताल परिसर के सामने हुए वही छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएँ लोकतंत्र को मजबूत बनाओ–मतदाता जागरूकता बढ़ाओ जैसे प्रेरणादायी संदेशों के माध्यम से जनता को जागरूक किया प्राचार्य डॉ. मीणा ने बताया कि भारत सरकार के निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं व नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और जागरूक बनाने से है। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को मतदाता अधिकारों व कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी भी दी गई कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड टीम तथा कॉलेज के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



## शरद मेला धौलपुर की पहचान - खुशबू सिंह

### जूनियर श्रीदेवी भूमिका तिवारी ने समां बांधा मैं तेरी दुश्मन, दुश्मन तू मेरा...

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर (कासं.)**नगर परिषद धौलपुर द्वारा आयोजित शरद महोत्सव में मंगलवार रात्रि को मेला रंगमंच पर जूनियर श्रीदेवी भूमिका तिवारी की मनमोहक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। इस मौके पर सभापति खुशबू सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने बाहर से आए कलाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने कहा कि शरद महोत्सव धौलपुर की पहचान है और रियासत काल से लगने वाले इस मेले में दूर-दूर से लोग आकर मेले का लुत्फ उठाते हैं । उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा मेले की भव्यता का पूरा ध्यान रखा गया है। हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए मंच के कार्यक्रम कराए जा रहे हैं जिसमें युवाओं बुजुर्गों के साथ-साथ बच्चों को विशेष कार्यक्रम कराए जा रहे हैं इसके अलावा फिट इंडिया आयोजन को ध्यान में रखते हुए शरद महोत्सव के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा हमारी बेटियों के लिए मेले में मेहंदी, रंगोली, निबंध के अलावा गोलगप्पे जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है। सीमित संसाधनों के बीच नगर परिषद धौलपुर अपना बेहतर करने का प्रयास कर रही है। शहर को साफ सुंदर और स्वच्छ रखने में नगर परिषद धौलपुर का सहयोग प्रदान करें। इसके बाद जूनियर श्रीदेवी भूमिका तिवारी ने फिल्म नागिन के गीत पर ...मैं तेरी दुश्मन दुश्मन तू मेरा.... पर नृत्य कर जमकर तालियां बटोरी पूरा पंडाल मनोरंजन से झूमता नजर आया। जूनियर श्रीदेवी भूमिका तिवारी ने फिल्मी गाने ... तो छोड़ के मैं शहर चली जाऊंगी...। पर भी शानदार नृत्य प्रस्तुती दी जिस पर लोगों ने तालियां बजाकर हौंसला अफजाई की। आयोजन के दौरान गीतकार योगेश ने एक से बढ़कर एक कई फिल्मी नगमे पेश किए। वहीं डांस टीम ने भी फिल्मी गानों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# द फैमली मैन 3 में अपने किरदार पर बोलीं निमरत कौर



**मनोज बाजपेयी की अदाकारी वाली वेब सीरीज द फैमिली मैन 3 प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। अभिनेत्री निमरत कौर ने इस सीरीज में अहम रोल अदा किया है। अपने रोल के बारे में उन्होंने कई बातें कही हैं। उनके मुताबिक द फैमिली मैन के नए सीजन में मीरा की भूमिका निभाना एक रोमांचक मौका था।**

### सीरीज में कैसा है निमरत का किरदार?

कौर ने फिल्म द लंचबॉक्स, एयरलिफ्ट और दसवीं में बेहतरीन अभिनय किया है। निमरत कौर द फैमिली मैन 3 में श्रीकांत तिवारी (मनोज बाजपेयी) की दुश्मन हैं। जयदीप अहलावत के साथ उन्होंने विलेन का रोल किया है। अपने किरदार के बारे में निमरत ने कहा वह एक कड़वी चॉकलेट है, एक कैरेक्टर के तौर पर बहुत स्वादिष्ट है। वह आम इंसान की पहुंच से दूर है। कौर ने आगे कहा कि उन्हें अपने किसी भी आने वाले प्रोजेक्ट पर इतना अच्छा रिएक्शन कभी नहीं मिला, जितना उन्हें तब मिला जब उन्होंने बताया कि वह द फैमिली मैन 3 का हिस्सा हैं।

### शो ऑफ करने लगीं

निमरत कौर ने कहा शुरू में मैं धीरे से जवाब देती थी क्योंकि मैं आम तौर पर शांत रहने वाली इंसान हूं। बाद में, मुझे समझ आया कि मुझे हर किसी से, परिवार से, दोस्तों से और लोगों से अच्छा रिएक्शन मिल रहा है। फिर मैंने शो ऑफ करना शुरू कर दिया। जब कोई मुझसे पूछता आप आगे क्या करने वाली हो? तो मैं कहती मैं द फैमिली मैन 3 करने वाली हूं। ऐसे रोल का इंतजार रहता है

### अपने किरदार के बारे में कहा

ये ऐसा किरदार है जिसे आपको बनाना होता है, ये आपको दिया जाता है। इसके बाद उम्मीद की जाती है कि आप इसके साथ न्याय करें। इसलिए, मैं हमेशा ऐसे रोल का इंतजार करती हूं, मुझे ऐसे सेट पर बहुत मजा आता है।

### सीरीज में हैं ये कलाकार

द फैमिली मैन 3 में शारिब हाशमी, प्रियामणि, अश्लेषा ठाकुर, वेदांत सिन्हा, श्रेया धनवंतरी और गुल पनाग हैं। सीरीज पर दर्शक अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



# दो दीवाने शहर में फिल्म ने मुझे मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की

**बॉलीवुड में रोमांस और दिल छू लेने वाली कहानियों को हमेशा खास जगह दी जाती है। इस कड़ी में संजय लीला भंसाली का प्रोडक्शन एक ऐसी ही फिल्म लेकर आ रहा है, जिसका नाम है दो दीवाने शहर में। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर लीड रोल में नजर आएंगे।**

इस फिल्म को रवि उद्यावर डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म के बारे में सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, जब मैं दो दीवाने शहर में फिल्म की शूटिंग कर रहा था, उस समय मैं अपने निजी जीवन में कुछ मुश्किल भरे दौर से गुजर रहा था। मेरे लिए यह फिल्म सिर्फ एक काम नहीं थी; यह एक ऐसा अनुभव था जिसने मुझे क्रिएटिविटी के तौर पर चुनौती दी और व्यक्तिगत रूप से मुझे उन मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की। सिद्धांत ने बताया कि फिल्म उनके दिल के बहुत करीब है और उम्मीद जताई कि शूटिंग के दौरान जो जुड़ाव उन्होंने महसूस किया, वही फिल्म देखने के दौरान दर्शक भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा, कहते हैं कि परफेक्ट जैसा कुछ नहीं होता। बस आपको किसी ऐसे इंसान की जरूरत होती है जो आपके लिए दुनिया से लड़ सके और आप भी उनके लिए हमेशा खड़े रहें। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इसे दो दिल, एक शहर, और एक इंपरफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी बताया। फिल्म की घोषणा करते हुए भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, दो दिल, एक शहर, और एक इंपरफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी... इस वैलेंटाइन डे आपको इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने शहर में 29 फरवरी 2026 को रिलीज हो रही है। संजय लीला भंसाली इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं, और उनके साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी इस प्रोजेक्ट में हैं। फिल्म रवि उद्यावर फिल्म्स के सहयोग से बनाई जा रही है।

# नए शो में हितेन तेजवानी के साथ काम करेंगी मोनालिसा





अभिनेत्री मोनालिसा ने 21 नवंबर को अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया। अपने स्पेशल दिन पर भी मोनालिसा ने काम किया, आखिर मामला नए शो का जो है। मोनालिसा ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने नए शो पर अपडेट दिया है, जिसमें वे हितेन तेजवानी के साथ काम करेंगी। मोनालिसा ने लिखा, यह जन्मदिन नई शुरुआत के साथ खास रहा, वर्किंग बर्थडे, मिलिए सूर्या और शनाया से, एक नया किरदार शानदार को-एक्टर के साथ शो में। क्योंकि सास भी कभी बहू थी फेम हितेन के साथ काम करते हुए मोनालिसा ने कहा, शानदार अनुभव रहा। हितेन ने भी लिखा है, शुक्रिया मोना जी, धमाल करते हैं। मोनालिसा ने बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज भी शेयर की हैं, जिनमें अपने पति के साथ नजर आ रही हैं।

# राशी खन्ना ने फरहान अख्तर को बताया शानदार इंसान



एक्ट्रेस राशी खन्ना इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म आज यानी शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज के साथ ही राशी ने न केवल अपने को-स्टार फरहान अख्तर की तारीफ की बल्कि दर्शकों से फिल्म के लिए प्यार भी मांगा। इंस्टाग्राम पर बीटीएस तस्वीरों को पोस्ट करते हुए राशी खन्ना ने को-स्टार और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर की जमकर तारीफ की। राशी ने फरहान के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए फिल्म में अपने किरदार का जिक्र करते हुए लिखा, फरहान सर के साथ शगुन शैतान सिंह का रोल करना ऐसा लगा जैसे किसी ऐसी जगह पर कदम रख दिया हो, जहां सब कुछ अच्छा और आसान हो गया हो। उनमें एक शांत, समझदार इंसानियत है, जो आपको सबसे इंटेंस सीन में भी सुरक्षित महसूस कराती है। अभिनेत्री ने फरहान का आभार जताते हुए आगे लिखा कि फरहान के साथ बिताए हर पल के लिए वह शुक्रगुजार हैं। साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी जोड़ा कि उन सभी मौकों के लिए भी धन्यवाद, जब फरहान सर ने जरूरत पड़ने पर उन्हें हंसाया। राशी ने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा, 120 बहादुर हमारी फिल्म अब आपकी है। प्लीज जाइए, अपना प्यार बरसाइए। फिल्म की कहानी रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है, जहां 120 भारतीय सैनिकों ने 3,000 चीनी सैनिकों के खिलाफ डटकर मुकाबला किया। यह फिल्म सैनिकों की वीरता और देशभक्ति की भावना को शानदार तरीके से पर्दे पर पेश करती है। 120 बहादुर को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैपी स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। रजनीश घई के निर्देशन में बनी फिल्म में राशी खन्ना ने शगुन का किरदार निभाया है, जबकि फरहान अख्तार मेजर शैतान सिंह के रोल में हैं। ■



# कॉमिक टाइमिंग के जादूगर, जानें कैसे बने बॉलीवुड के रोम-कॉम किंग

बॉलीवुड में कुछ ऐसे कलाकार होते हैं जो अपने चेहरे की मासूमियत, हंसी और स्क्रीन पर अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। कार्तिक आर्यन ऐसे ही एक कलाकार हैं, जिन्होंने रोमांस और कॉमेडी से बॉलीवुड में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उनकी फिल्में दर्शकों का लंबे समय से मनोरंजन करती आई हैं। उनकी फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ ह्यूमर का जबरदस्त मेल देखने को मिलता है, जिसके चलते उन्हें आज बॉलीवुड का रोम-कॉम किंग कहा जाता है। कार्तिक आर्यन का जन्म 22 नवंबर 1990 को मध्य प्रदेश के शहर ग्वालियर में हुआ। उनका असली नाम कार्तिक तिवारी है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड में आने के लिए अपना सरनेम बदलकर आर्यन रख लिया। उनके माता-पिता दोनों डॉक्टर हैं, इसलिए उनके परिवार की पहली इच्छा थी कि कार्तिक भी डॉक्टर बने। लेकिन कार्तिक के दिल में फिल्मी दुनिया का सपना था। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे एक्टिंग की ओर भी आकर्षित होते गए। 2011 में कार्तिक आर्यन ने बॉलीवुड में कदम रखा और प्यार का पंचनामा फिल्म से डेब्यू किया। इस फिल्म में उनका किरदार रजत नाम के लड़के का और उन्होंने एक सीन में लगभग पांच मिनट का लंबा मोनोलॉग बिना रुके कहा। यह मोनोलॉग आज भी बॉलीवुड की यादगार पलों में गिना जाता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही और कार्तिक की प्रतिभा को खूब सराहा गया। इस मूवी ने उनके लिए फिल्म इंडस्ट्री में दरवाजे खोल दिए।

इसके बाद उन्होंने कई रोमांटिक फिल्मों में काम किया, लेकिन उनकी असली पहचान तब बनी जब उन्होंने प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, और लुका छुपी जैसी फिल्में की। इन फिल्मों में उन्होंने अपने कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया। सोनू के टीटू की स्वीटी में उनका किरदार ऐसा था जो दर्शकों के दिलों में तुरंत उतर गया। लुका छुपी में उनकी मासूमियत और मजेदार अंदाज ने फिल्म को और भी हिट बनाया। इन फिल्मों के जरिये कार्तिक ने साबित किया कि वह सिर्फ रोमांटिक हीरो नहीं, बल्कि कॉमेडी में भी माहिर हैं।

कार्तिक आर्यन ने इसके अलावा पती-पत्नी और वो जैसी फिल्मों में भी शानदार प्रदर्शन किया। कॉमेडी के साथ-साथ कार्तिक ने भूल भुलैया 2 और भूल भुलैया 3 जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में भी की, जो सुपरहिट रहीं। इसके अलावा, उन्होंने धमाका और फ्रेडी जैसी फिल्में कर करके अपने अभिनय की सीमा को और बढ़ाया। धमाका में उन्होंने एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाया, जबकि फ्रेडी में वह एक शर्मीले और शांत डेंटिस्ट बने, जिसमें उनका डार्क और सस्पेंस से भरा अंदाज देखने को मिला।

करियर में अपनी मेहनत और अभिनय से उन्होंने कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें स्टारडस्ट अवार्ड, जी सिने अवार्ड्स, आईफा, और फिल्मफेयर आदि में नामांकन और पुरस्कार मिल चुके हैं। हाल ही में उन्हें भूल भुलैया 3 और चंदू चैंपियन के लिए भी कई पुररकार मिले।

# रोमांटिक हीरो बनकर लौट रहा हूं, यह मेरे लिए नई शुरुआत है



90 के दशक वाले प्यार की सादगी और गहराई को नए अंदाज में दिखाने वाली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' जल्द ही रिलीज होने वाली है। विभु पुरी के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा में पहली बार फातिमा सना शेख और विजय वर्मा साथ नजर आएंगे। फिल्म में रिश्तों, प्यार और भावनाओं की जटिलताओं को पेश किया गया है। इसका खास आकर्षण गुलजार और विशाल भारद्वाज का संगीत है, जिसे दर्शक लेकर काफी उत्साहित हैं। हाल ही में विजय ने बातचीत में अपने अनुभव साझा किए।

**90 के दशक की बहुत सी बातें याद आती हैं, खासकर उस दौर का सच्चा प्यार और जज्बात। आपको उस समय की कौन-सी बातें सबसे ज्यादा याद आती हैं?**

90 के दशक की बहुत सी यादें हैं। हर चीज में अपना अलग मजा था। मौसम का, फिल्म देखने का, थिएटर की लाइन में लगने तक का। उस समय हर चीज के लिए इंतजार करना पड़ता था, लेकिन लोग उस इंतजार को भी एन्जॉय करते थे। लाइट चली जाती थी तो परिवार या दोस्तों के साथ बातें करते थे, पुराने फोटो एल्बम देखते थे, छोटी-छोटी खुशियां मनाते थे। वही पुरानी खूबसूरत यादें इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेंगी।

**स्कूल टाइम में जो मासूम प्यार होता था, वो एकतरफा था या दोतरफा? कोई अनुभव शेयर करें?**

एकतरफा ही था, क्योंकि कभी बात नहीं की। शायद दोतरफा भी हो, लेकिन मौका ही नहीं मिला।

**आपने कभी अपने दिल की बात कही थी?**

स्कूल के समय मैं बहुत शर्मीला था, किसी से ज्यादा बात नहीं करता था। 18 साल की उम्र में पहली बार किसी लड़की से बात हुई। उसने खुद मुझे एक चिट्ठी भेजी थी, जिसमें लिखा था- तुम चेक शर्ट में अच्छे लगते हो। इसके बाद हम दोस्त बने, फिर कुछ सालों बाद हमारी डेटिंग शुरू हुई। कुछ समय बाद हमारा रिश्ता खत्म हो गया, और उसके बाद मैं पढ़ाई के लिए पुणे के एफटीआई चला गया।

**नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा? सुना है, एफटीआईआई में उनकी वर्कशॉप में आप नहीं जा पाए थे, क्या कहानी है?**


जब मैं एफटीआई में था, तब नसीर साहब की वर्कशॉप हमारे बैच में नहीं हुई थी। अगले बैच में उनकी वर्कशॉप रखी गई, तो मैं और मेरा एक दोस्त पुणे चले गए। हमने सोचा था कि क्लास में बैठ जाएंगे, लेकिन वहां जाने की अनुमति नहीं मिली क्योंकि वो दूसरे बैच की वर्कशॉप थी। हम बाहर ही पूरा दिन बैठे रहे, बस उनसे मिलने की उम्मीद में। शाम को जब नसीर साहब ने देखा कि हम अब भी बाहर बैठे हैं, तो मुस्कुराकर बोले, कल सुबह 9 बजे आ जाना। इसी तरह हमें उनकी वर्कशॉप में शामिल होने का मौका मिल गया।

**विजय आप अपनी को-स्टार फातिमा के बारे में क्या कहेंगे?**

फातिमा बहुत डाउन टू अर्थ और सिंपल हैं। बिल्कुल भी एटीट्यूड नहीं है, बड़ी फिल्मों में काम करने के बावजूद बहुत ग्राउंडेड है।

**हाल में आपने ओटीटी पर कई अच्छे रोल किए, अब फिर रोमांटिक हीरो बनकर लौट रहे हैं, कैसा लग रहा है?**

बहुत नया महसूस हो रहा है, जैसे एक्टर के तौर पर दोबारा जन्म ले रहा हूं। मेरी फिल्में काफी समय बाद थिएटर में आ रही हैं, वो भी बतौर लीड। तो यह मेरे लिए नई शुरुआत है। बस चाहता हूं कि ऑडियंस का प्यार और सपोर्ट मिले ताकि आगे बढ़ता रहूं।



# सूरजपुरा पंचायत संघर्ष :चौथे दिन भी अनशन जारी, विधायक धनखड़ ने मुख्यमंत्री से बात कर गुरुवार को धरना स्थल पर आने का दिया भरोसा

## 1500 की आबादी वाले राजस्व गांव को 'नियमों की अनदेखी' कर छोटी पंचायत में जोड़ा गया; आंदोलन को व्यापक करने की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस.)।** कस्बे के निकटवर्ती राजस्व गांव सूरजपुरा को अलग पंचायत का दर्जा देने या उसे पूर्व वाली जयसिंहपुरा पंचायत में ही रखने की मांग को लेकर चल रहा ग्रामीणों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। नवगठित पंचायत आदेश में सूरजपुरा को बहादुरपुरा पंचायत में जोड़ने से उपजे गहरे रोष के कारण हितेंद्र सिंह, नवदीप सिंह, सुभाष सिंह, हितेंद्र सिंह शेखावत समेत कई ग्रामीण अनशन पर डटे हुए हैं, जबकि अन्य ग्रामीण लगातार धरना स्थल पर एकजुट हैं।

### विधायक का आश्वासन

आंदोलन के चौथे दिन सबसे बड़ा अपडेट सामने आया है।बुधवार को एक ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ के आवास पहुंचकर वार्ता की। विधायक धनखड़ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह आज सुबह जल्द ही धरना स्थल पर पहुंचेंगे और लोगों से समझाइश करेंगे। उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आते ही उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित संबंधित जनप्रतिनिधियों व मंत्रियों को भी वस्तुस्थिति से अवगत करवाया है। विधायक के इस भरोसे ने आंदोलनकारियों में उम्मीद जगाई है।कलेक्टर को ज्ञापन और नियमों की अनदेखी का आरोप,इससे पूर्व, तीसरे दिन ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर त्वरित निर्णय की अपील की थी। साथ ही, उन्होंने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और विधायक कुलदीप धनखड़ को दूरभाष के माध्यम से भी सूचना दी थी।ज्ञापन में स्पष्ट बताया गया कि कोटपूतली बहरोड़ जिले के विराटनगर उपखंड में राजस्व गांव बहादुरपुरा को नई पंचायत बनाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें नियमों की घोर अनदेखी हुई है ओर बताया सूरजपुरा की कुल आबादी लगभग 1500 है, जो पंचायत के सभी मापदंडों को पूरा करता है, जबकि नई पंचायत बहादुरपुरा की आबादी केवल 700 के आसपास है।यह भी उल्लेखित किया की सूरजपुरा जयसिंहपुरा से 6 किलोमीटर दूर होने के कारण ग्रामीण लंबे समय से प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई और आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। विडंबना यह है कि नई पंचायत बहादुरपुरा जयसिंहपुरा से केवल 1 किलोमीटर दूर स्थित है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक किया जाएगा। सभी की निगाहें अब विधायक धनखड़ की आज को होने वाली यात्रा और सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

# दुजाना मे संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)।** बुधवार को संविधान दिवस पर ग्राम पंचायत दुजाना में संविधान के प्रति निष्ठा,मूल्यों की रक्षा और कर्तव्यों के पालन के संकल्प के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत भवन परिसर में विकास अधिकारी सुरेश सिंह राजपुरोहित ने कर्मचारियों व ग्रामीणों को संविधान की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत का संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है और इसकी भावना को समझना तथा इसे व्यवहार में उतारना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। वही स्वच्छ मिशन ब्लॉक समन्वयक विक्रम ने ग्रामीणों को संविधान, नागरिक अधिकारों, कर्तव्यों और मूल्यों के बारे मे विस्तार से समझाया। इस मौके ष्टस्ष्ट ई मित्र संचालक कांतिलाल, सहकर्मी छगनलाल, दुदाराम सहित कई गणमान्य ग्रामीणों उपस्थित रहे।

# चाकसू में संविधान जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



जयपुर टाईम्स

**चाकसूः-(निस.)** दी ग्रेट बाबा साहेब डॉ अंबेडकर मूलनिवासी वेलफेयर संघ चाकसू के द्वारा संविधान दिवस पर बाइक रैली का आयोजन संघ के अध्यक्ष कमलेश बैरवा मोहम्मदपुरा के नेतृत्व में किया गया। संघ के प्रवक्ता धर्मेन्द्र तामडिया ने बताया कि बाइक रैली को बैरवा छात्रावास से भरत लाल मीणा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सैकड़ो की संख्या में बाइक रैली में शामिल लोग संविधान दिवस बाबासाहेब अमर रहे, महात्मा फुले अमर रहे, सावित्रीबाई फुले अमर रहे के नारे बोलते हुए चल रहे थे। रैली अंबेडकर सर्किल पहुंची वहां बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर मुख्य बाजार होती हुई महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पहुंचकर पुष्प अर्पित कर वापस अंबेडकर सर्किल पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई। वहां विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान मनोहर लाल मेघवाल थाना अधिकारी चाकसू, संघ के संरक्षक सचिन सांवरिया, महासचिव भूपेंद्र गौतम, कोषाध्यक्ष सोनू सहित अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस के अवसर पर जिले के सभी पुलिस कार्यालयों एवं थानों में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## पुलिसकर्मियों ने ली संविधान की रक्षा की शपथ



जयपुर टाईम्स

संविधान दिवस के अवसर पर जिले के सभी थानों और चौकियों एवं कार्यालयों पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान में निहित आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर सभी शाखा प्रभारियों एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों को भारतीय संविधान की मूल प्रस्तावना को पढ़कर शपथ दिलाई गई एवं संविधान दिवस की शुभकामनाए दी गई। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही संविधान दिवस के अवसर पर धौलपुर पुलिस के सभी कार्यालयों, थानों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर शपथ ली गई। जिसमें सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यों का पालन, नागरिक अधिकारों की रक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया गया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि इस अवसर पर धौलपुर पुलिस संविधान की मूल भावना, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सर्वोच्च मानते हुए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। इस आयोजन से समस्त पुलिस बल को संविधान में निहित मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने और उनके पालन का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया है।

# संविधान दिवस के अवसर पर दिलाई शपथ

**धौलपुर (निसं)**भारत के संविधान की स्मृति में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। देश के हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों को अपने-अपने विश्वास के अनुसार रहने और विकास करने का अधिकारी प्रदान किया गया है। संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए जिले में उन्नत और समृद्धि सुनिश्चित करें। इस अवसर पर भारत के संविधान की विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारत के संविधान के तहत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यो एवं दायित्वों का भलीभांति निर्वहन करते हुए कार्य करें।



# जवाब देही कानून बनाने के लिए विभिन्न संगठनों ने उठाई मांग

## मुख्यमंत्री के नाम एसडीम को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)।** राजस्थान में काफी समय से श्रमिक एवं मजदूरों के हित में जवाब देही व ठोस कानून बनाने की मांग विभिन्न संगठनों द्वारा की जा रही है। बुधवार को सुमेरपुर के मजदूर हितेषी संगठन ने कानून बनाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि कानून बनाने को लेकर 100 से अधिक संगठनों के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी को लेकर सुमेरपुर में मारवाड़ निर्माण मजदूर संगठन,हमाल मजदूर संगठन, ठेकेदार संगठन के द्वारा उपखंड अधिकारी के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर जवाब दे कानून बनाने की मांग की गई । मारवाड़ निर्माण में संगठन अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले 2016 से राजस्थान मे जवाब देही कानून की मांग कर रहे हैं कानून नहीं बनने से श्रमिकों को योजनाओ का लाभ नहीं मिल रहा है। किसी भी श्रमिक वर्ग समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 का क्रियावन,सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम कल्याण न्यूनतम गारंटी आए अधिनियम 2023 राजस्थान प्लेटफार्म बेस्ट गीग वर्क्स 2023 राज्य की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाना,घरेलू कामगार महिलाएं राजस्थान भवन एवं अन्य सन निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल bocw, प्रवासी श्रमिक परिवार को शिक्षा व स्वास्थ्य से जोड़ा जाए,बाल श्रम प्रभावित इलाकों में और प्रवास करने वाले बच्चों की शिक्षा के लिए पंचायत स्तर पर सीजनेबल आवासीय शिविर संचालित किया जाए,ज्ञापन में नियुक्तम गारंटी आए अधिनियम राजस्थान प्लेटफॉर्म बेस्ट गिग वर्कर,स्वास्थ्य का अधिकार कानून, के नियम बनाकर लागू करवाने को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर संगठन महामंत्री सोहन लाल, दुदाराम, भगाराम, भंवरलाल, राजकुमार, जरूपाराम, चूनीलाल,सुरती कुमारी,दानवीर गरासिया, दिलीप गरासिया, पूराराम आदि सदस्य मौजूद रहे।

# हरसूलिया में रामकथाः वनवास प्रसंग सुन भावुक हुए भक्त

## पंडित दीपक शास्त्री ने किया मार्मिक वर्णन



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर।(निस.)** हरसूलिया की भगत जी की ढाणी स्थित शिव मंदिर, गोहंदी रोड पर चल रहे रामकथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित दीपक शास्त्री ने इस पावन प्रसंग को सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। छठे दिन की कथा सुनने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। हरसूलिया सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा पांडाल दिनभर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। पंडित दीपक शास्त्री ने भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि वनवास केवल कठिनाइयों का काल नहीं था, बल्कि यह धर्म, मर्यादा और आदर्शों को सर्वोपरि रखने का संदेश देता है। उनकी भावपूर्ण वाणी, प्रसंगों की गहराई और दिए गए उदाहरणों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे-जैसे राम, सीता और लक्ष्मण के वनगमन का प्रसंग आगे बढ़ा, पांडाल में गहन सन्नाटा छा गया और भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। कई श्रद्धालु इस प्रसंग को सुनते हुए भावुक हो गए। कथा के दौरान भजन-कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजती रहीं। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ आयोजन को आध्यात्मिक रंग दे रहे थे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, जल सेवा और प्रसादी वितरण की पुख्ता तैयारियां की थीं। आयोजकों ने बताया कि रामकथा ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन इसी उत्साह के साथ जारी रहेगा और आगामी दिनों में भी विभिन्न पावन प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा में बढ़ती भीड़ ग्रामीणों की गहरी आस्था और भक्ति को दर्शाती है।

# विराटनगर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर बने जिले के प्रथम कांग्रेस जिला अध्यक्ष

## विराटनगर में भव्य स्वागत समारोह



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के गठन के बाद कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विराटनगर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर को जिले का प्रथम कांग्रेस जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बाद बुधवार को उनके विराटनगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया।ऐतिहासिक नगरी विराटनगर के किले के पास आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने माला, साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर इंद्राज गुर्जर का अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान 'कांग्रेस ज़िंदाबाद' और 'इंद्राज गुर्जर साहब का स्वागत है' के जयकारों से माहौल गूंज उठा। स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष देशराज सैनी, पार्षद पिंटू किराड़, मुखराम गुर्जर, पार्षद किशन सैनी, सुरज़ान सैनी, ओमप्रकाश सैनी, मनीष सैनी, फारुक खान, बनवारी कुमार, अशोक गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने जिला अध्यक्ष नियुक्ति को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताया और उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी से कोटपूतली-बहरोड़ जिले में कांग्रेस को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।इंद्राज गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का प्रयास करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के हर कांग्रेस कार्यकर्ता को साथ लेकर आगामी समय में संगठनात्मक मजबूती प्राथमिक लक्ष्य रहेगा।कार्यक्रम के दौरान वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और कार्यकर्ताओं ने अपने नेता की नियुक्ति को ऐतिहासिक कदम बताते हुए खुशी जाहिर की।

# 14 दिन बाद मिला लापता कृष्ण कुम्हार,विराटनगर व गुरुग्राम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई सफल



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस.)।** कुहाड़ा गांव का 14 वर्षीय लापता बालक कृष्ण कुम्हार बुधवार को गुरुग्राम से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। बालक 14 दिनों से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता था, जिसके बाद परिवार व ग्रामीणों में गहरी चिंता बनी हुई थी। बुधवार सुबह मिले एक महत्वपूर्ण सुराग ने मामले को नई दिशा दी और पुलिस को सफलता मिली।फोन कॉल से मिला सुराग,बुधवार सुबह कृष्ण कुम्हार ने अपने एक दोस्त को आधार कार्ड मंगवाने के लिए फोन किया, जिसके बाद कॉल की लोकेशन गुरुग्राम क्षेत्र में ट्रेस हुई। सूचना मिलते ही विराटनगर थाना पुलिस की टीम सक्रिय हुई और तत्काल गुरुग्राम के लिए रवाना की गई।

### संयुक्त टीम ने किया बालक को दस्तयाब

विराटनगर थाना पुलिस टीम तथा गुरुग्राम सेक्टर-47 के डीवाईएसपी अर्जुन ढूंढाड़ा ने संयुक्त प्रयास करते हुए बालक को सेक्टर 47 क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब किया। पुलिस टीम और परिजन मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई के बाद बालक को अपने साथ लेकर लौट रहे हैं।जिसके बाद परिवार और गांव में खुशी की लहर है,14 दिनों से लगातार चिंता और उम्मीद के बीच संघर्ष कर रहे परिजनों को राहत मिली है। बच्चे के सुरक्षित मिलने की सूचना के बाद परिवारजन भावुक हो उठे। गांव कुहाड़ा में भी खुशी का माहौल बन गया है।

### थाना अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि–

सुबह मिले फोन कॉल की लोकेशन के आधार पर टीम भेजी गई। गुरुग्राम पुलिस के सहयोग से बालक को सुरक्षित बरामद किया गया है। परिवारऔर टीम बालक को लेकर लौट रही है।

### साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित

# हुनर शक्ति फाउंडेशन द्वारा बच्चों को दी ऑनलाइन सुरक्षा की सीख



जयपुर टाइम्स

**बाह (आगरा),(निस.)** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बच्चों और अभिभावकों को सचेत करने के उद्देश्य से हुनर शक्ति फाउंडेशन द्वारा महाराणा प्रताप कॉन्वेंट, मेदीपुरा बरेंडा, ब्लॉक पिनाहट, तहसील बाह, आगरा (उ.प्र.) में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और अभिभावकों तक भी यह संदेश पहुंचाना है, ताकि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण एवं सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रख सकें। विशेषज्ञों ने फ़िशिंग, फेक कॉल्स, नकली ऐप (APK) डाउनलोड और फ्रॉड वेबसाइट्स जैसी तकनीकों से होने वाले साइबर हमलों की जानकारी दी और डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता पर बल दिया। हुनर शक्ति फाउंडेशन के सचिव नीरज झा ने कहा कि 'डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है, जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।' कार्यक्रम में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर गोपनीयता की रक्षा और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों से साइबर सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई और जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।

# धौलपुर जिले की सभी पंचायती राज संस्थाओं में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस.)** संविधान दिवस के अवसर पर धौलपुर जिले की सभी पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक और सफल आयोजन किया गया। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार तथा पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इन कार्यक्रमों का संचालन जिला परिषद धौलपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निवृत्ति अवहद, भा.प्र.से. (IAS) के मार्गदर्शन में किया गया। 'हमारा गांव, हमारा संविधान' थीम के तहत सभी ब्लॉकों व ग्राम पंचायतों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, महिलाओं, युवा समूहों, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रस्तावना के महत्व पर संवाद सत्र आयोजित कर justice, liberty, equality और fraternity जैसे मूल संवैधानिक मूल्यों की सरल भाषा में व्याख्या की गई। कई ग्राम पंचायतों में मित्ती चित्रकला, कला-पट एवं शिल्प बोर्ड के माध्यम से आकर्षक 'प्रस्तावना दीवार' तैयार की गई, जिस पर नागरिकों ने हस्ताक्षर कर संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्ज की। राज्य स्तर पर उपलब्ध कराए गए लाइव स्ट्रीमिंग स्लॉट के दौरान सामूहिक प्रस्तावना वाचन के कार्यक्रम ने पूरे जिले में एक समान उत्सव का माहौल बनाया। पिरामल फाउंडेशन (गांधी फेलोज़), मैजिक बस फाउंडेशन, मांजरी फाउंडेशन, जेएसआई संस्था एवं आरएफबीडीपी फाउंडेशन सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने विद्यालयों व ग्राम पंचायतों में जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजीविका, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, आरजीएसए अंतर्गत डीपीएमयू, डीपीआरसी, बीपीएमयू एवं बीपीआरसी टीमों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम अधिक प्रभावी और जन-केंद्रित बन सका।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
27 नवम्बर, 2025

## सरकारी गेहूं गबन के मामले में एक गिरफ्तार, पोस मशीन से 357 क्विंटल गेहूं का किया गबन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)**। शहर में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरकारी गेहूं के गबन मामले में साजनसर निवासी राशन डीलर मनोज कुमार मेघवाल को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर को चूरू जिला रसद अधिकारी अंशु तिवारी ने मामला दर्ज करवाया था कि मनोज कुमार मेघवाल ने पातलीसर गांव की पोस मशीन और साजनसर गांव की पोस मशीन का कुल 357 क्विंटल गेहूं गबन कर लिया है।



पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू किया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज कुमार को मामले में दोषी पाया और अब आरोपी साजनसर निवासी 54 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र पूराराम मेघवाल को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से सरकारी गेहूं के गबन के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। वहीं इस कार्रवाई में एसआई ओमप्रकाश यादव की विशेष भूमिका रही हैं।

## कॉलेज में संविधान दिवस समारोह मनाया



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निसं.)**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय आदेशानुसार आज 26 नवम्बर 2025 को न्यू राजस्थान टी टी कॉलेज बिसाऊ व राजस्थान टी टी कॉलेज बिसाऊ में सविधान दिवस के उपलक्ष में डॉ भीवराव अंबेडकर को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करके की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई तथा कॉलेज स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय देश की आजादी के बाद डॉ अंबेडकर के सिद्धांतो और विचारो का व्यवहारिक स्तर पर किर्यान्वयन रखा गया। सस्था चेयरपर्सन विनोद सिहाग ने बतया की संविधान का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें इसके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ जीतेन्द्र सहारण ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताय। इस मोके पर सुभाष कपूरिया, किशोर, घनश्याम आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कार्यप्रणाली होगी डिजिटल और पारदर्शी

### चूरू में पुलिस को सीसीटीएनएस की ऑनलाइन तकनीकी ट्रेनिंग दी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सीसीटीएनएस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट वीसी सभागार में ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। इसमें एसपी जय यादव मौजूद रहे। एसपी जय यादव ने बताया कि सीसीटीएनएस लागू होने से पुलिस कार्यप्रणाली पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल और अधिक कुशल बनेगी। इस प्रणाली से अपराध और अपराधियों की तेज व सटीक जांच संभव होगी तथा कागजी कार्यवाही कम होकर सभी रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस देशभर के पुलिस थानों और एजेंसियों को एक नेटवर्क से जोड़कर सूचना साझा करने की सुविधा देगा। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों की प्रगति ट्रैक की जा सकेगी। डिजिटल पुलिस पोर्टल के जरिए नागरिक ऑनलाइन शिकायत, किरायेदार व घरेलू सहायकों का सत्यापन कर सकेंगे। एएसपी सुनील कुमार, डीएसपी सुनील झाझड़िया, कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया, महिला थानाधिकारी रचना बिश्नोई और सदर थानाधिकारी मोटाराम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## तेतरा में नलकूप हुआ शिलान्यास



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** ग्राम तेतरा में बुद्धवार को कुई पर राज्य सरकार ने पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार की अनुशंसा पर स्वीकृत ट्यूबवेल का बोरवेल मशीन लगाकर शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में महावीर ढाका जिला भाजपा मंत्री, बजरंग गिवारिया,बृजेन्द गढवाल,रामू कुमावत, शिवनाथ,श्रीराम गढवाल, गिरधारी, ताराचन्द,सुरेन्द गढवाल, मदन फोजी,धुडाराम,मनोज,प्रमोद हरचन्द्र, सावित्री घोटड़ संरपच, ओमप्रकाश बुड़ानिया,जीवन जांगिड़,जगदीश कटारिया, शीशराम पुनिया, राकेश रणवां, अन्य ग्रामीण व महिलाये मौजुद थे

### जयपुर के माधोराजपुरा में दर्दनाक हादसा

# ओवरलोड बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने ली अध्यापिका की ली जान

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू विधानसभा क्षेत्र के माधोराजपुरा में फतेहरामपुरा गांव सड़क पर बजरी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कीरतपुरा निवासी युवती अध्यापिका फोरन्ता चौधरी को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ ही देर में क्षेत्रवासियों का भारी जमावड़ा लग गया। सड़क पर ही बैठ गए ग्रामीण हादसे के बाद गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने फतेहरामपुरा रोड़ पर ही धरना शुरू कर दिया। सैकड़ों लोग सड़क जाम कर मृतका के परिवार को न्याय दिलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। हालात यह हो गए कि करीब पूरे रास्ते पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही मामले की





गंभीरता देखते हुए माधोराजपुरा थाना पुलिस, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। प्रशासनिक अधिकारी लगातार लोगों को समझाइश देने में जुटे हैं, लेकिन आक्रोशित भीड़ अपनी मांगों पर अडिग है। वहीं प्रदर्शनकारियों की तीन बड़ी मांगें:- सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता, बजरी माफिया पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, वहीं निम्न मांगों को लेकर सहमति बनने पर शव को उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बजरी तस्करी के चलते ऐसे हादसे क्षेत्र में आम बात होती जा रही है मृतका के एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए। ओवरलोड ट्रैक्टर चलाने वाले बजरी तस्करों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, गांव में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि किरतपुरा निवासी (चाकसू) एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरस्वती पुरा (माधोराजपुरा) अध्यापक लेवल-2 गणित विज्ञान के पद पर कार्यरत जो अभी, एस आई आर में बी एल ओ सहायक के रूप में कार्य कर रही है।

## फुलेरा में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

### ग्रामीणों ने लिया संविधान पालन व सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निसं.)** कस्बे में संविधान दिवस बड़े उत्साह, गौरव और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संविधान के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामेश्वर चौधरी, संपादक जयपुर टाइम्स उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश, लक्ष्मीकांत वर्मा व शांतिलाल वर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंवरलाल सांभरिया ने की। इस अवसर पर भारत संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान को स्मरण किया गया और संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संविधान केवल शासन की रूपरेखा नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के अधिकारों व कर्तव्यों का मार्गदर्शक ग्रंथ है। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे संविधान का पूर्ण पालन करेंगे, सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देंगे तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाएँगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुकेश दोतानिया, दिनेश धानका, गिरिराज



तंवर, लक्ष्मी नारायण वर्मा, गजेंद्र बाकोलिया,जगदीश सुनिया, सुरेंद्र देवेंदा, रतनलाल कसोतिया, रूपचंद उज्जैनिया, नाथू नांगलिया, चिरंजी लाल बोराणा, महेश देवन्दा, ओमप्रकाश करडिया, पन्नालाल गोठवाल, बंसी धीया तथा रूपचंद उज्जैनिया का विशेष सहयोग रहा।

## मेरे क्षेत्र में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में मुझे नहीं बुलाया जाताः सांसद मुरारी लाल मीणा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। दोसा से कांग्रेस सांसद मुरारी लाल मीणा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से उनके निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों से संबंधित लोकार्पण उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में उन्हें नहीं बुलाया जाता और ना ही इन कार्यक्रमों में शिलालेख पर उनका नाम अंकित किया जाता है उन्होंने कहा कि दोसा की जनता ने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। इसलिए दोसा में विकास कार्यों से संबंधित होने वाले विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में उनका पूरा हक बनता है लेकिन चाहे केंद्र सरकार की कोई योजना हो या फिर राजस्थान सरकार की सभी योजनाओं के विकास कार्यों में अभी तक उन्हें एक जगह भी आमंत्रित नहीं किया गया यह उनका अपमान नहीं बल्कि संसदीय व्यवस्था का और उनके निर्वाचन क्षेत्र की जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि भले ही वे कांग्रेस पार्टी के सांसद हो लेकिन अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनके क्षेत्र में अगर विकास संबंधी कोई छोटा भी कार्य होता है तो सर्वप्रथम उनका हक बनता है लेकिन उन्हें नहीं बुलाया जा रहा यह गलत परंपरा है मीणा ने कहा कि राजनीतिक व्यवस्था की वजह से शिलालेख पर उनका नाम तक अंकित नहीं किया जा रहा । दोसा सांसद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजस्थान सरकार की ओर से हाल ही में पंचायत के पुनर्गठन के बाद जो नई पंचायत की सूची जारी की गई है उस पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि नई पंचायत के पुनर्गठन में ठीक तरह से कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया उनके निर्वाचन क्षेत्र में ही कई पंचायत ऐसी हैं जिन तक पहुंचाने के लिए लोगों को 35 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ेगी इस संबंध में मीणा ने प्रदेश की दौसा जिले के कलेक्टर देवेंद्र कुमार से भी मुलाकात की और उन्हें पंचायत के पुनर्गठन के बाद कई गांव वालों को जो परेशानी हो रही है उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी उल्लेखनीय है कि मुरारी लाल मीणा पूर्व में गहलोत सरकार के कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं और सचिन पायलट के नजदीकी नेता माने जाते हैं पिछला लोकसभा चुनाव इन्होंने कांग्रेस पार्टी की टिकट पर दोसा लोकसभा सीट से लड़ा था चुनाव में इन्होंने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा को हराया था जानकार लोगों का कहना है कि मुरारी लाल मीणा कांग्रेस पार्टी के काफी वरिष्ठ नेता होने के अलावा दोसा जिले में भी इनकी अच्छी पकड़ है क्योंकि पूर्व में कई बार विधायक भी रह चुके हैं इसलिए इन्हें दोसा जिले की वस्तु स्थिति के बारे में बारीकी से जानकारी है इसीलिए इन्होंने पंचायत के पुनर्गठन के बाद दोसा जिले में कई गांव में ग्रामीणों को हो रही परेशानी के बारे में जिला प्रशासन को अवगत करवाया ।



## सीबीआई ने आयकर अपील अभिकरण में रिश्वत कांड का खुलासा कियाः तीन जने अरेस्ट

### सीबीआई ने आयकर अपील अभिकरण के सदस्य सीता लक्ष्मी वकील राजेंद्र सिसोदिया और पक्षकार मुजम्मिल को कियागिरफ्तार, एक करोड़ 15 लाख रुपए भी किया बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। सीबीआई की ओर से जयपुर में आयकर अपील अभिकरण में रिश्वत कांड का बड़ा खुलासा किया है इस प्रकरण में सीबीआई ने आयकर अपील अभिकरण की सदस्य सीता लक्ष्मी वकील राजेंद्र सिंह सिसोदिया और पक्षकार मुजम्मिल को गिरफ्तार किया है इन तीनों से करीब एक करोड़ 15 लाख रुपए बरामद किए गए हैं इन तीनों ही अभियुक्तों को सीबीआई की विशेष अदालत जयपुर में प्रस्तुत करके सीबीआई ने रिमांड मांगा था जिस पर कोर्ट ने चार दिन के रिमांड स्वीकृति भी प्रदान कर दी है द्य सीबीआई की ओर से जयपुर में की गई इस कार्रवाई को काफी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि आयकर अपील अभिकरण में आयकर से पीड़ित व्यक्ति ही इंसाफ के लिए आता है लेकिन यहां सीबीआई की ओर से जिस तरह से रिश्वत कांड का खुलासा हुआ है उसके बाद आयकर अपील अभिकरण की कार्रवाई को लेकर भी लोगों में कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम ने आयकर अपील अभिकरण की सदस्य सीता लक्ष्मी की गाड़ी से 30 लाख रुपए बरामद किए इस राशि के बारे में सीता लक्ष्मी की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के बाद सीबीआई ने उन्हें अरेस्ट कर लिया सीबीआई पहले से ही गुपचुप में इस प्रकरण में अपनी जांच को आगे बढ़ा रही थी इसके बाद सीबीआई की टीम ने इस मामले से जुड़े वकील राजेंद्र सिंह सिसोदिया के पास 80 लाख रुपए बरामद किए हैं इसके अलावा कोटा से भी हवाला के माध्यम से करीब 8 लाख रुपए भेजे जाने की बात की पुष्टि हुई है इस मामले में पक्षकार मुजम्मिल को भी गिरफ्तार किया है मुजम्मिल ने अपने प्रकरण में राहत के लिए रिश्वत की रकम दी थी अब चार दिन तक सीबीआई इन तीनों अभियुक्तों से कई तरह की पूछताछ करेगी जिसमें और भी कुलसी हो सकते कई तरह की पूछताछ करेगी जिसमें और भी कई नई बड़ी जानकारियां मिलने की पूरी संभावना है सीबीआई ने इन तीनों अभियुक्तों से पूछताछ के लिए प्रश्नों की एक लंबी सूची तैयार कर ली है जिसमें सीबीआई की ओर से पहले इन तीनों उपायुक्तों से अलग-अलग पूछताछ की जाएगी और उसके बाद सीबीआई इन्हें सामूहिक रूप से भी पूछताछ के लिए आमने-सामने बिठाकर सवाल जवाब करेगी और आवश्यकता हुई तो सीबीआई फिर से पूछताछ के लिए अदालत से फिर से रिमांड पर ले सकती है लेकिन अभी 4 दिन का समय सीबीआई के पास है इसलिए कहा जा रहा है कि इन चार दिन में सीबीआई शायद अपनी जांच को कंप्लीट कर लेगी और आगे रिमांड पर लेने की शायद जरूरत ना पड़े अभी 4 दिन में जो महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेगी वह काफी चौंकाने वाली हो सकती है

## तोदी महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)**। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एमएससी बॉटनी एवं बीएससी बायोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए 'डीएनए स्ट्रक्चर, डायनामिक रिप्लिकेशन फिडेलिटी एंड टेलोमीयर मेंटेनेंस' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक जैव-विज्ञान की जटिल अवधारणाओं की गहन व अद्यतन जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुभाष गौरा, सहायक आचार्य, राजकीय विज्ञान महाविद्यालय सबलपुरा (सीकर) ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को डीएनए की संरचना, प्रतिकृति की विश्वसनीयता तथा टेलोमीयर संरक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. गौरा ने विषय से जुड़े कई रोचक उदाहरण भी प्रस्तुत किए, जिससे छात्रों में शोध के प्रति उत्साह और जिज्ञासा बढ़ी।इस विशेष सत्र का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कांटिया तथा सुशील कुमार टाक द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने की। इस अवसर पर विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ. आनंद शर्मा, महेश प्रजापत, समस्त शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभागीय टीम की सराहना की गई।

# नुक्कड़ कार्यक्रमों से दी संविधान दिवस की जानकारी

**सुजानगढ़(नि.सं.)**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के निर्देश अनुसार पी एल वी विजय पाल श्योराण ने शहर में जगह-जगह नागरिकों को 26 नवंबर संविधान दिवस के बारे में जानकारी दी। पी एल वी ने अशोक सर्किल, रेल्वे स्टेशन के पास, बस स्टैंड, न्यू मार्केट आदि स्थानों पर मिनी हेंड माईक से संविधान और संविधान दिवस के महत्व के बारे में बताया और




संविधान में प्रदान किये अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। पैरा लीगल वौलंटीयर विजयपाल ने कहा कि भारतीय संविधान को बनने में पूरे 2 साल, 11 महीने और 18 दिन लगे थे. जिसके बाद आखिरकार 26 नवंबर 1949 को संविधान पुरी तरह बन कर तैयार हुआ था। जो आज भी दुनिया के सबसे जीवंत संविधान के रूप में है। संविधान दिवस हमें, हमारे देश को संचालित करने वाले सर्वोच्च कानून की व्यवस्था का ऐक प्रतीक है। संविधान का मसौदा संविधान सभा द्वारा तैयार किया गया था, जिसका नेतृत्व डॉ. भीमराव अंबेडकर ने किया था, जिसमें देश भर के संविधान सभा सदस्यों का विशेष योगदान हमेशा याद किया जाता है। साथ ही न्याय आपके द्वार अभियान के तहत स्थाई लोक अदालत के द्वारा विभिन्न जन समस्याओं के समाधान के बारे में भी जानकारी दी गई।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
27 नवम्बर, 2025

## नगरपरिषद की साधारण सभा बैठक, पत्रकारों के लिए कॉलोनी के प्रस्ताव पर लगी मुहर, सभापति ने पत्रकारों की मांग का वादा किया पूरा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर की नगरपरिषद के टाउन हॉल में साधारण सभा बैठक का आयोजन बुधवार को सभापति राजकरण चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें पत्रकारों को भूखण्ड आवंटन करने एवं पीपीपी टाउनशिप योजना की समयावधि बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक में सभापति चौधरी, आयुक्त मघराज डूडी, नेता प्रतिपक्ष राजेश कुमार पारीक, पार्षदगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए। उक्त दोनों एजेन्डा पर विचार विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति के आधार पर दोनों एजेन्डा को पारित किया गया। सभापति ने कहा कि पत्रकार कॉलोनी का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा और राज्य सरकार की गाईड लाईन के अनुसार जो पत्रकार इस योजना में आयेंगे उन्हें नगरपरिषद भूमि उपलब्ध करायेगी। सभापति राजकरण चौधरी ने पत्रकारों द्वारा की गई मांगों पर संज्ञान लेकर अपना वादा पूरा कर दिया।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने मनाया संविधान दिवस



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से स्थानीय स्तर पर संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तहसील अध्यक्ष मुकेश द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व और इसकी मूल भावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एडवोकेट गौरव कुरील ने सभी सदस्यों को संविधान की उद्देशिका पढ़वाई और बताया कि किस प्रकार यह उद्देशिका देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय का अधिकार देती है।इस अवसर पर उपाध्यक्ष अरविंद लावा, महासचिव उमेद, समुद्र नायक, हरी जाटव, सीएम जाटव, सुखा जाटव, उमेश, दीपक, मोहित, प्रकाश, राजकुमार, श्रीभगवान, अमित एवं भीम आर्मी टीम सामाजिक सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर संविधान के प्रति निष्ठा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## पार्टी द्वारा अधिकृत बीएलए एसआईआर की प्रक्रिया की अंतिम तिथि का इंतजार ना करें-मंडेलिया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** चूरू जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसआईआर को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कहा कि पार्टी के बीएलए व कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर जाकर जिला निर्वाचन विभाग द्वारा दी हुई अंतिम तिथि का इंतजार ना करते हुए शीघ्र ही वंचित मतदाताओं के गणना प्रपत्र भराकर निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त बीएलओ को जमा करवा देंवे। उन्होने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से आह्वान किया कि चूरू विधानसभा क्षेत्र में किसी भी बूथ पर एक भी वैध मतदाता एसआईआर फॉर्म प्रक्रिया भरने से वंचित ना रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. हुसैन निर्बाण, रमजान खान, अबरार खान, शिवकुमार शर्मा, संजय भाटी, प्यारेलाल दानोदिया, विमल शर्मा, विद्याधर मेघालय,कृष्ण सुण्डा, दीपिका सोनी, आरिफ रिसालदार, अजीज दिलावरखानी, योगेश ढाका श्रवण बसेर,सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद रहें।

## संविधान लोकतंत्र की आत्मा- पारीक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय टांटिया बालिका उमावि में संविधान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य विजय पारीक ने बताया कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। इसके द्वारा प्रदत्त अधिकारों से ही हम सब नागरिक देश में स्वतंत्रता पूर्वक जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर व्याख्याता विकास पारीक ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि हम अपने जीवन में संविधान का पालन करेंगे। उपप्रधानाचार्य राजकुमार माली ने विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान इन्द्र चिरानियां, जाकिर हुसैन, प्रेमलता चौहान, प्राची राठौड़, उर्मिला जाड़ीवाल, नम्रता, प्रिया राठौड़ , उर्मिला धरेन्दर तथा विधालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विकास पारीक ने किया।

# तेरा तुझको अर्पण की भावना से किये विकास कार्य- मधुसूदन राजपुरोहित

## संविधान दिवस के उपलक्ष पर अतिथियों और ग्रामीणों नें ली संविधान की शपथ

## विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में करोड़ो के विकास कार्यो का किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील क्षेत्र में रविवार व सोमवार को पहले और दूसरे चरण में विधानसभा क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति प्रधान निर्मला राजपुरोहित के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में करवाएं गए लगभग 41 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। विकास कार्यों के लोकार्पण के तीसरे चरण के तहत विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नैणासर, उड़सर, ढाणी पांचेरा, कानड़वास, आसपालसर, भोजरासर आदि में करोड़ो के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य, प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित के कर कमलों से हुआ। इन विकास कार्यों में अटल सेवा केंद्र, नव निर्मित पंचायत भवन, विद्यालय में कक्षा-कक्ष, खरंजा निर्माण, ट्यूबवेल, चारदिवारी, कमरामय बरामदा, पुस्तकालय





निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्य शामिल है। संविधान दिवस के उपलक्ष में सभी अतिथियों और ग्रामीणों को संविधान की शपथ भी दिलवाई गई। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा नें कहा की मैंने मेरे जीवनकाल में ऐसा प्रधान पहली बार देखा है जिसने 5 सालों में करोड़ो के अनेकों विकास कार्य करवाए है और क्षेत्र में विकास पुरुष के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि राजपुरोहित ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की 5 सालों में हमनें गरीब को गणेश और तेरा तुझको अर्पण की भावना से विकास कार्य करवाए है। इस अवसर पर जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य नें बताया की भाजपा के राज में अभूतपूर्व काम जिला परिषद और पंचायत समिति के माध्यम से हुए है। विकास कार्यों में कही कोई कमी नहीं रखी गई। इस अवसर पर डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वरराम डूडी, पूर्व प्रधान भैरोसिंह राजपुरोहित, सरपंच राजेन्द्र सिंह छाजूसर, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, पस सदस्य श्यामलाल शर्मा, रामनिवास पारीक, प्रकाश भाकर, दशरथ सिंह देराजसर, हिरालाल बेनीवाल, एड. श्योकरण पोटलिया, मंडल महामंत्री पवन पारीक, भाजयुमो नगर महामंत्री गुरू धानका, युवा नेता सतपाल मेघवाल आदि नें भी ग्रामीणों के समक्ष अपने विचार व्यक्त किये।लोकार्पण करने पहुंचे सभी अतिथियों का पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, सरपंच रतिराम डूडी, सरपंच गुड्डी देवी, सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ सारण, यूनुस खां, उप सरपंच नथूराम, रामजस चाहर, प्राचार्य सुनील कुमार सेवदा, ताराचंद नायक, शिवप्रसाद पुरोहित, बीरबल मेघवाल, सरपंच प्रतिनिधि भंवरु खां, साहबराम मिरासी, गोपीराम शर्मा, मनसारम मेघवाल सहित ग्रामीणों एवं कार्यकर्त्ताओं नें स्वागत-सत्कार किया।

## संविधान दिवस पर केकेसी पीजी महाविद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस व एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पवन कुमार नायब तहसीलदार सरदारशहर व बाबूलाल शर्मा अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सरदारशहर थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया व विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान दिवस हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है। युवा पीढ़ी का दायित्व है कि वह संविधान की मूल भावना को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम मे मुख्य अथितियों द्वारा सभी विद्यार्थियों को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान व्यक्त करने की शपथ दिलाई। नायब तहसीलदार ने विद्यार्थियों को एसआईआर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने




की अपील की। उप प्राचार्य महबूब अली चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ज्ञान, नेतृत्व और आत्मविश्वास का विकास करती हैं तथा उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करती हैं। निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने कहा कि महाविद्यालय निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को रचनात्मक और बौद्धिक गतिविधियों से जोड़ते हुए उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करने का प्रयास करता है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीसीए सेमेस्टर प्रथम के छात्र वासु सोनी ओर द्वितीय स्थान पर सयुंक्त रूप से बीएससी सेमेस्टर प्रथम की छात्रा कोमल कंवर व बीए सेमेस्टर प्रथम के छात्र ललित पारीक रहे। विजेता छात्रों को महाविद्यालय परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जगदीश कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी व्याख्यातागण उपस्थित रहे।

## पाईप लाईन में लीके से सड़क हो रही थोथी

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मांडेता रोड़ पर आरजू मेडिकल स्टोर के पास पत्थर आदि लगाकर लोगों ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। यहां पर सीमेंटेड सड़क के नीचे पाईप लाईन लीकेज है, जिससे रोज 8-10 टेंकर पानी व्यर्थ बह रहा है, जिसके चलते सड़क थोथी हो रही है। लोगों ने बताया कि जलदाय विभाग को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। अगर यहां से कोई भारी वाहन गुजरा, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने एक ज्ञापन भी सहायक अभियंता के नाम भेजा है, जिस पर अजय सोनी, नूर मोहम्मद, रजाक, अहमद अली, रामलाल, कमल किशोर, धनाराम आदि लोगों के हस्ताक्षर हैं।




**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक : डी- 1467-76 दिनांक : 19/11/2025

**ई - निविदा सूचना सं. 30/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण, सड़क एवं दीवार मरम्मत कार्य कुल 04 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी । ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A4395 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB17262 | 2 | PWD2526WSOB17263 |
| 3 | PWD2526WSOB17264 | 4 | PWD2526WSOB17265 |

(विजय प्रताप कवा)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा. नि. वि. खण्ड-तारानगर

DIPR/C/17222/2025



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No:- 2427-2436 Date: 19.11.25

**Notice Inviting Bid No 24/2025-26**

Bids for 7 (Seven Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 05.12.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 73.16 Lacs

NIB No PWD2526A4401
UBN No :-
1.PWD2526WSOB17286 2.PWD2526WSOB17293
3.PWD2526WSOB17294 4.PWD2526WSOB17295
5.PWD2526WSOB17296 6.PWD2526WSOB17297
7.PWD2526WSOB17298 8.PWD2526WSOB17286

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

DIPR/C/17201/2025


## सारोठिया में विद्यार्थियों को मिले निःशुल्क स्कूली बैग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव सारोठिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारोठिया में कक्षा प्रथम से पांचवी तक के 70 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। राजस्थान शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री एवं स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने बताया कि पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पप्पूराम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक सतपाल सिंह मीणा द्वारा प्रेरित भामाशाह मुरली मनोहर टाक पूर्व अध्यक्ष माली समाज लाडनूं ने विद्यालय के कक्षा प्रथम से पांचवी तक के सभी विद्यार्थियों को इक्कीस हजार के आर्थिक सौजन्य से स्कूल बैग्स वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सारोठिया के प्रशासक प्रतिनिधि सोनू कामड़ ने शिक्षक सतपाल सिंह मीणा द्वारा भामाशाहों द्वारा विद्यालय को लाभान्वित किए जाने पर उनकी प्रशंषा की। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पप्पूराम मीणा




ने भामाशाह के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए उनके द्वारा विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक सोच को आदर्श बताया तथा टाक परिवार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में विद्यालय के प्रति सहयोग की अपेक्षा की। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य गोपाल लाल यादव, बंशीधर सेन, सेवानिवृत्त सूबेदार किसनाराम जाखड़, एसएमसी अध्यक्ष चेनाराम नायक, आदर्श युवा ग्रुप के अध्यक्ष दीवान सेन आदि मौजूद रहे। जिनका सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार, कंप्यूटर अनुदेशक दिलीप सिंह राठौड़, सतपाल सिंह मीणा, करणी राम भाकर, राजकुमारी मीणा, सोहनलाल मेघवाल आदि द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संचालन पूसाराम स्वामी ने किया।

## शिविर में 85 की जांच, 30 का ऑपरेशन के लिए चयन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ एवम शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व हितेश ज्वेलर्स के आर्थिक सौजन्य से बुधवार को 27वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर नया बास स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। पीएनबी बैंक के रिटायर्ड एजीएम दीनदयाल सोनी, लायंस क्लब के जोन 1 चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू, भामाशाह पवन मौसूण, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं शंकरा आई हॉस्पिटल की डॉक्टर ईशा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दीनदयाल सोनी ने क्लब के सेवा कार्यों को प्रेरणास्पद बताया। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने 85 रोगियों का नेत्र परीक्षण किया एवम ऑपरेशन के लिए 30 रोगियों का चयन किया। प्रशांत पारीक ने सहयोगियों का आभार जताया। शिविर में लॉयंस क्लब द्वारा रोगियों को मुफ्त दवाइयां एवम चश्मे दिए गए। शिविर को सफल बनाने में देवकृष्ण मालपानी, देवेंद्र बेदी, एडवोकेट अंकित चोटिया, मुरली राठी, रेखा सोनी, सुनीता रावतानी, मोनिका सोनी, सुनीता बेदी, चित्रा जगवानी, मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, आबिद, सुभाष, प्रकाश आदि ने सहयोग किया।

## मेले में एंट्री फीस के नाम पर अवैध वसूली हुई बंद

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एन के लोहिया स्टेडियम में लगे फेस्टिवल में अवैध रूप से ली जा रही 30 रूपये की एंट्री फीस बंद करने के ऑर्डर उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने जारी कर दिए हैं। मामले को लेकर भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने स्वायत्त शासन विभाग से शिकायत कर एंट्री फीस बंद करने और अवैध रूप से वसूले गए लाखों रुपए मेला संचालक फर्म से वसूले जाने की मांग की थी। वहीं पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से भी बाबूलाल कुलदीप ने मुलाकात कर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की थी और बताया था कि शहर की भोली भाली जनता के साथ ठगी करते हुए एंट्री फीस के नाम पर लाखों की वूसली अवैध रूप से कर ली गई है। वहीं नगरपरिषद आयुक्त द्वारा मामले में कार्यवाही के लिए उपखंड अधिकारी को लिखा गया था। जिसको लेकर उपखंड अधिकारी ने आयुक्त को आदेश जारी कर कहा कि मेले की परमिशन में 30रू. एंट्री फीस का कोई जिक्र नहीं है। अतः यह वूसली बंद करवाई जावे और अगर बंद नहीं की जाती है, तो परमिशन निरस्त करने की कार्यवाही शुरू करवाई जावे। इस



पर नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त विक्रम जोरवाल ने बताया कि उपखंड अधिकारी के आदेशों के बाद मौके पर टीम भेजी गई है और मेला संचालक को एंट्री फीस नहीं वसूलने के लिए पाबंद किया गया है। आपको बता दें कि शहर में इतने दिनों तक यह अवैध वसूली होती रही, लेकिन आम तौर पर धरने प्रदर्शन करने वाले लोग चुप रहे और लोगों से लाखों रूपये वूसल लिए गए। लेकिन भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप को जब इस बात का पता चला, तो उन्होंने जनता को इस अवैध वसूली से निजात दिलाने के लिए कदम उठाया। कुलदीप ने बताया कि मामले को लेकर मैं दिग्गज भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, जिला कलक्टर चूरू, उपखंड अधिकारी सुजानगढ़ का आभार जताता हूं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मेला संचालक से लाखों की राशि वापस वसूल कर फर्म को ब्लेकलिस्ट किया जावे।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक.न.पा.रा./ 2025-26 / 10245 दिनांकः- 24/11/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका अंकित आवेदकों से नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2000 की धार 69-क / कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व प्राप्त हुई है। वर्णित पालियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाब 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर नियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा

| क्रसं. | नाम आवेदनकर्ता | आसा पासा | पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मीना कुमारी पत्नी श्री मनोज कुमार | उत्तर- आम रास्ता दक्षिण नाथमल पूर्व ज्ञानाराम की भूमि पश्चिम पुनमचंद प्रजापत | वार्ड में 18 राजलदेसर | - | 91.77 वर्गमीटर | 69-क |
| 1 | श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेशवर लाल शर्मा | उत्तर- आम रास्ता दक्षिण ओसवाल पंचायती पूर्व हनुमानमल व रूपचंद बैद पश्चिम रास्ता | वार्ड में 12 राजलदेसर | - | 746.60 वर्गमीटर | 69-क |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

# रोजगार शिविर में 196 बेरोजगारों का किया प्रारंभिक चयन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** स्थानीय टाउन हॉल में रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय की ओर से बुधवार को बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रोजगार कार्यालय की सहायक निदेशक वर्षा जानू ने की। मुख्य अतिथि अग्रणी बैंक चूरू के जिला प्रबंधक राहुल थे। वहीं विशिष्ट अतिथि महिला अधिकारिता विभाग की ब्लॉक सुपरवाइजर कृष्णा थी। शिविर में नियोजकों ने विभिन्न रिक्त पदों की जानकारी दी। इस रोजगार सहायता शिविर में लीडर्स सिक्योरिटी, निलेश पावर, जेबर्स इण्डिया, एनएसएसएस सिक्योरिटी, सीआईआई एमसीसी, टीसीआई लॉजिस्टिक, एके कॉलेज, आईपीपी बैंक, अम्बुजा फाउंडेशन, हेल्थ केयर हॉस्पिटल सहित अनेक कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र की ओर से ऋण सम्बंधी जानकारी दी गयी। शिविर में उपस्थित अतिथियों ने बेरोजगार युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित होने, कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने व स्वरोजगार हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला कौशल समन्वयक आरएसएलडीसी विवेक व वरिष्ठ प्रशिक्षक कमलेश ने अभ्यर्थियों से शिविर की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। शिविर में लगभग 350 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 196 बेरोजगार अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। शिविर में कनिष्ठ रोजगार अधिकारी सुशीला कताला, वरिष्ठ सहायक संजय गोस्वामी, सूचना सहायक मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक मनीषा राठौड़ व श्योराम ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक संदीप न्योल ने किया।

## श्रीमती गोमती देवी शिक्षण संस्थान मे संविधान दिवस मनाया गया



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू/बड़ागांव (निसं.)**श्रीमती गोमती देवी शिक्षण संस्थान बड़ागांव में संविधान दिवस के उपलक्ष पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार देश की आजादी के बाद डॉ अंबेडकर के सिद्धांतों और विचारों का व्यावहारिक स्तर पर क्रियान्वयन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सेविकाओं, एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं बी एड के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । भारतीय संविधान से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉक्टर निधि शेखावत ने छात्र-छात्राओं को संविधान को अनुपम धरोहर बताते हुए इसके नियमों पर चलने के लिए बल दिया । आई क्यूं ऐ सी कॉर्डिनेटर रवींद्र झाझडिया ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। डॉ परमानंद शर्मा ने संविधान पर विस्तार से अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर सुश्री मेघा,राकेश शर्मा , सुभाष जांगिड़,राकेश गुर्जर राजकुमार जांगिड़, हवा सिंह, सहित सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।

## हेतमसर में संविधान दिवस मनाया गया



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में बुधवार को 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' थीम पर संविधान दिवस मनाया गया। छात्राओं को संविधान प्रस्तावना का वाचन करवाकर विभिन्न प्रतियोगिता जैसेः प्रश्नोत्तरी, क्विज एवं 'देश की आजादी के बाद डॉ. अम्बेडकर के सिद्धान्तों और विचारों का व्यावहारिक स्तर पर कियान्वयन' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रश्नोत्तर एवं क्विज प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा पूजा तंवर प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में समस्त छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा वन्दे मातरम @150 राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल ने संविधान में निहित लोकाचार एवं मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अविनाश कुमार मील, रविकान्त मीणा, योगेन्द्र कुमार, प्रियंका, अशोक कुमार सैनी, सुश्री प्रियंका कुल्हरि, सुनिता कुमारी आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## मौजास में विद्यालय विकास के लिए शिक्षक बने भामाशाह



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मौजास में व्याख्याता मंजू माथुर ने 18000 रु का सोफा सेट, वरिष्ठ सहायक महावीर सिंह ने 18000रु की कुर्सी व मेज,व्याख्याता शीशराम पिलानिया ने विद्यालय में रंग रोगन हेतु 15000रु, व्याख्याता जितेंद्र कुमार मील ने 5000रु भेंट किये। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि हाल ही में विद्यालय के तीन व्याख्याता उप प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए हैं व विद्यालय के वरिष्ठ सहायक सेवानिवृत होने वाले हैं। विद्यालय परिवार इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है व इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर सुखदेव प्रसाद एचरा,राकेश एचरा,जय चंद भड़िया, हितेंद्र मीणा, शारीरिक शिक्षक योगेंद्र दुलड़,सुभाष मीठारवाल, संजीव जानू,राकेश कांटीवाल,वंदना,बबीता व संगीता भड़िया उपस्थित रहे।

## *लुमास में 66 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण*

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मंडावा ब्लॉक के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लूमास में गांव लूमास के निवासी हरफूल साँई के सुपुत्र अखिलेश (प्राध्यापक ) व पुत्रवधू दुर्गा सीबीईओ पिपराली ने महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू से प्रदीप शुक्ला की प्रेरणा से



विद्यालय के सभी 66 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई । कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, ACBEO मंडावा दामोदर जांगिड़ ने भामाशाह का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया । समस्त स्कूल परिवार द्वारा भामाशाह का धन्यवाद ज्ञापित किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रधान कैलाश चंद्र जांगिड़, सुमन, अनु कुमारी, प्रतिमा, कैलाश शर्मा रुचिका, सुनीला,राजपाल, सुरजीत, भामाशाह ऋषभ साई, समाजसेवी संजय शर्मा व अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

## संविधान केवल अधिकारों का ही नहीं बल्कि कर्तव्यों का भी लिखित दस्तावेज है, हम कर्तव्यो का भी पालन करेः प्राचार्या ढाका

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** देश में हर साल 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 1949 में इसी दिन संविधान को अपनाया गया था जो कुछ दिन बाद 26 जनवरी 1950 को भारत में लागू हुआ। संविधान को अपनाए जाने की याद में हर साल देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। हमारा संविधान सर्वोच्च मानवीय मूल्यों, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक आदर्शों,कर्तव्यों व अधिकारों की पावन अभिव्यक्ति है। 26 नवंबर का दिन देश में राष्ट्रीय कानून दिवस भी मनाया जाता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जिसमे अधिकारों के साथ हमारे कर्तव्यों को भी शामिल किया गया है। हम केवल अधिकारों की बात ना करे वरन् अपने देश के प्रति जो कर्तव्य है,उनका भी पालन करे। ऐसे विचार पूनम बालिका महाविद्यालय में आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य् अतिथि प्राचार्या नीतू ढाका ने व्यक्त किए । विशेष अतिथि के रूप में मंच पर आसीन हिंदी विभागाध्यक्ष जयप्रकाश सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संविधान, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था और यह दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधान के रूप में जाना जाता है। यह हमें एक सॉवरेन, सोशलिस्ट, सेक्युलर और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक में रहने का फ्रेमवर्क देता है। सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और भाईचारे जैसे मूल्यों के लिए है। संविधान के लिए हम बाबा साहेब यानी डॉ. बीआर अंबेडकर के योगदान को भी याद करते हैं। हमारे संविधान द्वारा सुरक्षित फंडामेंटल राइट्स और ड्यूटीज हमें मजबूत बनाते हैं लेकिन हमें अपने जिम्मेदारी की भी याद दिलाते हैं। हम सभी इन मूल्यों का सम्मान करें और देश के विकास और मजबूती में अपना दायित्व बनाए रखें। इस अवसर पर छात्राओ को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में निदेशक प्रवीण बगड़िया ने कहा कि हम सभी संविधान का सम्मान करे और उसके सूत्रों को अपने जीवन में उतारे ।ताकि अपना देश आगे बढ़े और उन्नति के पायदान पर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर संदीप कुमार ,लोकेन्द्र सिंह,कोमल शर्मा,भारती बुंदेला,आकांक्षा शर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहे।

## लक्ष्मणगढ़ स्थापना दिवस पर दीपोत्सव और आतिशबाजी का भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)**। रावराजा लक्ष्मण सिंह द्वारा विक्रम संवत 1862 में बसाए गए ऐतिहासिक लक्ष्मणगढ़ नगर का 220वां स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर की सामाजिक संस्था लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ तथा रावराजा लक्ष्मण सिंह स्मृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में दीपोत्सव और आतिशबाजी ने पूरे नगर को उत्सवमय बना दिया।श्रीरघुनाथजी मंदिर परिसर में दीपोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के महंत अशोक दास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने बताया कि राम-जानकी विवाह के शुभ अवसर पर, मार्गशीर्ष सुदी पंचमी विक्रम संवत 1862 को लक्ष्मणगढ़ नगर की स्थापना की गई थी। इसी दिन श्रीरघुनाथजी के बड़े मंदिर की नींव भी रखी गई थी।रावराजा लक्ष्मण सिंह स्मृति संस्थान के संयोजक एवं लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक प्रकाश पासोरिया ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ को महानगर जयपुर के मानचित्र पर विकसित नगर के रूप में बसाया गया था। स्थापना दिवस पर आयोजित दीपोत्सव और आतिशबाजी ने इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बना दिया।कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक प्रकाश पासोरिया, गिरधारी लाल जाजोदिया, सुभाष जोशी, राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, सुनील कुमार माली, रमेश छिंछासवाले, अमित सोनी, लोकित दैया, विवेक तंवर, विनोद गोंड, सुरेश बीबीपुरीया, पंडित विमल जोशी, रियांश जाजोदिया सहित विश्व हिंदू परिषद प्रखंड लक्ष्मणगढ़, रावराजा लक्ष्मण सिंह स्मृति संस्थान तथा लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दिवंगत कांस्टेबल के परिवार को मिला संबलः पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एसबीआई ने सौंपा 1 करोड़ का चेक

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए कांस्टेबल संदीप कुमार के परिवार को आखिरकार वह आर्थिक संबल मिल गया, जिसकी उन्हें हादसे के बाद से प्रतीक्षा थी। रिजर्व पुलिस लाइन झुंझुनूं में पदस्थापित युवा कांस्टेबल संदीप का फरवरी 2025 में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। घटना ने न सिर्फ परिवार को बल्कि पूरे पुलिस महकमे को गहरा आघात पहुंचाया था। सोमवार को उनके परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से पुलिस सैलरी पैकेज बीमा कवरेज के तहत 1 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय और भारतीय स्टेट बैंक, कलेक्ट्रेट शाखा के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से यह चेक परिजनों को सौंपा। चेक सौंपने के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि संदीप का योगदान सदैव याद रखा जाएगा और पुलिस विभाग संकट की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि परिवार को आगे भी विभागीय स्तर पर हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। कांस्टेबल संदीप कुमार की अचानक हुई मृत्यु ने परिवार की आर्थिक और भावनात्मक स्थिति को झकझोर दिया था। संदीप की पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता इस घटना से टूट गए थे, लेकिन पुलिस विभाग और सहकर्मियों ने पिछले कुछ महीनों से परिवार की हर संभव मदद की। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब उन्हें पुलिस सैलरी पैकेज के तहत मिलने वाला 1 करोड़ का बीमा कवर प्राप्त हुआ। पुलिस सैलरी पैकेज, जिसे PSP के नाम से जाना जाता है, पुलिस विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच विशेष समझौते के तहत संचालित होता है। इस व्यवस्था के अनुसार, कार्यरत पुलिसकर्मियों को वेतन खाते के साथ एक विशेष बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। किसी भी पुलिसकर्मी की ड्यूटी के दौरान या ड्यूटी के बाद दुर्घटना या आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को अधिकतम 1 करोड़ तक की राशि बीमा कवर के रूप में उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना का उद्देश्य पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में भी आर्थिक सुरक्षा का भरोसा देना है। झुंझुनूं जिले में अनेक पुलिसकर्मी इस पैकेज के तहत सुरक्षित हैं। विभाग के अनुसार, कई बार अचानक होने वाली घटनाओं से परिवारों को आर्थिक रूप से बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में PSP जैसी योजनाएं उनकी मदद के लिए प्रभावी साबित होती हैं।

## चैन स्नेचिंग करते हुए महिला को पकड़ा

**सुजानगढ़(नि.सं.)**। पुराने बस स्टेंड पर एक महिला की चैन तोड़ने की वारदात सामने आई है। लाडनू निवासी शबीना बिसायती नामक महिला जब बस में चढ़ रही थी, तभी पिछे से महिला ने चैन तोड़कर दूसरी महिला को दे दी। उसके बाद भी चैन तोड़ने वाली महिला ने कान में पहना हुआ गहना तोड़ने का प्रयास किया, तो शबीना ने उस महिला को पकड़ लिया। इस दौरान दो अन्य महिलाएं वहां से फरार हो गई। आपको बता दें कि शहर में चैन स्नेचिंग गिरोह सक्रिय होने के कारण महिलाओं में भय का माहौल रहता है। दूसरी ओर लोगों ने पुलिस को मौके पर बुलाकर आरोपी महिला को सुपुर्द कर दिया।

## गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह 21 दिसंबर को

**चूरू।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान चूरू की कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यालय पर हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे महासभा के जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल ने गौड़ ब्राह्मण समाज का चूरू तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 21 दिसंबर को आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। महासभा के संरक्षक वैद्य बनवारी लाल शर्मा, केप्टन के के शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। मिडिया प्रभारी डॉ श्रवण महर्षि ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक में 80 प्रतिशत, स्नातक / स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा एनडीए, सीडीएस, अग्निवीर, राजकीय सेवा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, न्यायिक सेवा, राष्ट्रीयकृत बैंकों में अंतिम रुप से चयनित सहित नीट, आईआईटी,आईआईएम,यूजी या पीजी में चयन होने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। सीए, एमबीबीएस,एमडी,एमएस, बीएएमएस, एमएचएमएस, पीएचडी, जेआरएफ में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों, राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा।

## जाजोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष व गुप्ता बने प्रदेश सचिव



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)**। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में नए नेतृत्व को मजबूत करते हुए प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग तथा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हेमराज जिंदल के निर्देशानुसार प्रदेश युवा अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए दो नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इस क्रम में प्रदेश महामंत्री विनीत बंसल एवं संदीप बजाज की सहमति से सामाजिक रूप से सक्रिय एवं उत्साही कार्यकर्ता, पूर्व पार्षद राजेश जाजोदिया को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा युवा व्यवसायी अनुभव गुप्ता को प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया गया है।इन नियुक्तियों के बाद अग्रवाल समाज में खुशी की लहर देखी गई। समाज के प्रबुद्ध जनों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, समर्थकों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। साथ ही प्रांतीय एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय की सराहना करते हुए संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया। नई जिम्मेदारियाँ मिलने पर जाजोदिया और गुप्ता ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठनहित में समर्पित भाव से कार्य करने की बात कही।

## डॉ. पूनिया ने कवि सुरेश बांगड़ का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)**। संवाद सेतु संस्थान के अध्यक्ष लक्ष्मणगढ़ निवासी प्रख्यात कवि सुरेश कुमार बांगड़ 'सनातनी' का पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. पूनिया ने अपनी पुस्तक 'अग्निपथ नहीं, जनपद संवाद से संघर्ष तक' की एक प्रति उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान की।डॉ. पूनिया ने कवि सुरेश सनातनी की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि वे सनातन मूल्यों के प्रति पूर्णतः समर्पित हैं और अपने रचनाधर्मिता से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।इस मौके पर साहित्य, संस्कृति और समाजिक मूल्यों को लेकर विस्तृत चर्चा भी की गई।

## अवैध कॉलोनियों पर होगी कारवाई -मंत्री खर्रा



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)** लक्ष्मणगढ़ शहर में नियमविरुद्ध तरीके से काटी जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन जल्द ही कार्यवाही करेगा। इस संबंध में पत्रकारों ने सवाल किए तों यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने - संज्ञान लिया है।मंगलवार को जिलास्तरीय यूनिटी मार्च में शामिल होने आए खर्रा ने तहसीलदार फारूक अली व पालिका के ईओ नवनीत कुमावत को बुलाकर इस मामले की पूरी जानकारी ली, साथ ही दोनों को निर्देश दिए कि सभी अवैध कॉलोनियों को चिन्हित करें, उन्हें एक सप्ताह का नोटिस जारी करें। उसके बाद सभी अवैध कॉलोनियों पर यूपी मॉडल की तरह ध्वस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मंत्री ने कहा कि बिना नियमों, बिना रेरा रजिस्ट्रेशन तथा बिना सुविधाओं के काटी जा रही अवैध कालोनियां आम नागरिकों के साथ विश्वासघात है। इसलिए इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दोनों अधिकारियों को दिए है।ईओ ने भी शहर में अवैध कॉलोनियों की बात स्वीकार की।इस पर मंत्री ने इनके खिलाफ नियमानुसार चार्ज वसूलने या फिर इन पर बुलडोजर चलाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि शहर की बाहरी सीमा के आसपास कई कॉलोनियां काटी गई हैं।इनमें से अधिकांश ने पालिका में नियमन शुल्क जमा नहीं करवाया है।इससे पालिका को बड़े राजस्व का नुकसान हो रहा हैं।

## राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का हो त्वरित निस्तारण

### जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)**। जिला कलक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बुधवार को जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने एवं उनमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी माह में राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर जिला स्तर पर प्रकाशित होने वाली जिला दर्शन पुस्तिका के लिए विभागीय उपलब्धियां भिजवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे अपने विभाग के लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर आमजन को लाभ दिलवाएं। जिला कलक्टर ने पंच गौरव के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अति. जिला कलक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के सीईओ कैलाश यादव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां, आईसीडीएस के उप निदेशक विजेन्द्र सिंह राठौड, जिला जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, सांख्यिकी विभाग की सहायक निदेशक पूनम कटेवा, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोपदार, नगर परिषद से लोकेश सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।